बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

सच का हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 11 अंक : 100 | मंगलवार 1 अगस्त 2023 गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

संस्कार उजाला

हिन्दी समाचार पत्र को आवश्यकता है विज्ञापन एंव खबर लाने वाले स्टाफ की। सम्पर्क करें

मो0-9456278011

### दिल्ली के बापरौला में बनेंगे इलेक्ट्रॉनिक सिटी के कम लागत वाले आवासीय फ्लैट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बापरौला (नजफगढ़) में विकसित होने वाली इलेक्ट्रॉनिक सिटी (औद्योगिक क्षेत्र) के साथ सरकार कम लागत वाले फ्लैट विकसित करने की भी योजना बना रही है। इस योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्र और आवासीय परिसर दोनों को पीपीपी मॉडल पर विकसित किया जाएगा। दिल्ली राज्य औद्योगिक संरचना विकास निगम ने यहां उपलब्ध कुल 135 एकड़ जमीन में से 97.08 एकड़ जमीन का मूल्यांकन कराने के लिए सलाहकार नियुक्त कर रहा है।

**बजट में घोषणा की थी :** दिल्ली सरकार ने बजट में बापरौला में एक इलेक्ट्रॉनिक सिटी विकसित करने की घोषणा की थी। बजट में इसके लिए 250 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है। दिल्ली विकास प्राधिकरण से जमीन भी मिल चुकी है। डीएसआईआईडीसी कुल जमीन में औद्योगिक क्षेत्र के लिए 55.18 एकड़, आवासीय परिसर के लिए 27.38 एकड़, रिक्रिएशन सेंटर के लिए 6.47 एकड़ और 17.13 एकड़ पर बने 2112 फ्लैटों का मूल्यांकन करा रहा है। सरकार कम लागत वाले फ्लैट तैयार कराएगी दिल्ली सरकार का मानना है कि राजधानी में काम करने वालों के लिए यहां रहना सबसे ज्यादा महंगा है। इसलिए सरकार औद्योगिक क्षेत्र के आस-पास कम लागत वाले फ्लैट बनाना चाहती है। इस कदम से दिल्ली सरकार को उम्मीद है कि यहां पर लाखों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नौकरी और रोजगार मिलेंगे।

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब बनाने का प्रस्ताव**

दिल्ली के इलेक्ट्रॉनिक सिटी का मकसद एक आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र तैयार करना है। जहां लोगों को काम करने का अच्छा माहौल दिया जाएगा। यहां ऑफिस के लिए बड़े परिसर, वेयर हाउस के मनोरंजन केंद्र और आवासीय परिसर विकसित करना है, लेकिन आने वाले उद्योगों के भविष्य को देखते हुए सरकार ने 8 जून को हुई एक बैठक में इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हब के रूप में भी विकिसत करने की दिशा में काम करने का निर्देश दिया है। विभाग उस पर भी काम कर रहा है।

**बाजार प्रतिस्पर्धा का भी आकलन होगा**

जमीन की मार्केट वैल्यू का पता लगाने के लिए मूल्यांकन कराया जाएगा। साथ ही आसपास चल रही प्रतिस्पर्धी योजनाएं का भी आकलन कराया जाएगा।

# अतीक अहमद को चैलेंज देने वालीं पूजा पाल की अब भाजपा में होगी एंट्री!

## अखिलेश को फिर लगेगा झटका

**लखनऊ।** कभी अतीक अहमद जैसे माफिया को चुनावी जंग में मात देने वालीं पूजा पाल भाजपा में शामिल हो सकती हैं। फिलहाल वह सपा की विधायक हैं, लेकिन उमेश पाल की हत्या और फिर अतीक अहमद एवं उसके भाई अशरफ के मारे जाने के बाद से वह लगातार चर्चा में हैं। कई बार अतीक अहमद पर शिकंजा कसने और उमेश पाल की हत्या में शामिल बदमाशों के एनकाउंटर को लेकर योगी सरकार की तारीफ भी कर चुकी हैं। उस दौरान पूजा पाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात भी की थी। अब चर्चा जोरों पर है कि वह भाजपा में शामिल हो सकती हैं। वह पाल समुदाय की एक सशक्त महिला नेता के तौर पर जानी जाती हैं, जिनके पति की अतीक अहमद ने हत्या करा दी थी।

भाजपा को लगता है कि उन्हें पार्टी में लेकर वह गुंडाराज के खिलाफ ऐक्शन और ओबीसी समुदाय को न्याय दिलाने के नाम पर बढ़त पा सकती है। इन दिनों अखिलेश यादव को झटका देने की कोशिश में







जुटी भाजपा लगातार ओबीसी नेताओं पर नजर गड़ाए हुए हैं। हाल ही में ओबीसी नोनिया चौहान समुदाय से ताल्लुक रखने वाले दारा सिंह चौहान भी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। अब पूजा पाल की चर्चा जोरों पर है। कहा तो यहां तक जा रहा है कि पूजा पाल को प्रयागराज लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार बना सकती है। खबर है कि दारा सिंह चौहान की तरह ही वह भी विधानसभा की सदस्यता को छोड़कर भाजपा में आ सकती हैं।

सूत्रों का कहना है कि अतीक अहमद पर शिकंजा कसे जाने के बाद से ही पूजा पाल भाजपा के ज्यादा करीब हैं। वह इस मामले में अखिलेश यादव के रवैये से असहज हैं। सपा में आने से पहले पूजा पाल बसपा से ही विधायक बनी थीं। उनके पति राजू पाल भी बसपा से ही जीतकर विधानसभा पहुंचे थे, जिससे खफा अतीक अहमद ने उनकी हत्या करा दी थी। राजू पाल ने अतीक के भाई अशरफ को मात दी थी। हालांकि पूजा पाल का भी राजनीतिक अतीक के ही मुकाबले में खड़ा हुआ और 2007 में वह प्रयागराज दक्षिण सीट से ही जीतीं, जहां कभी राजू पाल जीते थे। उन्होंने अतीक अहमद को मात देकर चुनाव में विजय हासिल की थी।

**पूजा पाल कर रहीं इनकार, फिर भी हैं पालाबदल के आसार**

पूजा पाल को 2017 में भाजपा के हाथों हार झेलनी पड़ी थी और फिर 2022 में वह सपा के टिकट पर लड़ीं तो जीत गईं। अब वह भाजपा में ही आना चाहती हैं। पाल समुदाय का बड़ा हिस्सा भाजपा को वोट करता रहा है, लेकिन पूजा पाल के जरिए भाजपा को वोटबैंक और मजबूत होने की उम्मीद है। प्रयागराज, कौशांबी और प्रतापगढ़ जिलों में पाल समुदाय की अच्छी खासी आबादी भी हैं। हालांकि भाजपा में शामिल होने के कयासों से पूजा पाल ने इनकार किया है और कहा है कि वह सपा में ही हैं। फिर भी कयास तेज हैं और कोई भी नेता अपने अगले कदम का यूं खुलासा भी तो नहीं करता। ऐसे में पूजा पाल यदि कुछ दिनों में भाजपा का हिस्सा बन जाएं तो कोई आश्चर्य नहीं होगा।

## जयपुर एक्सप्रेस में फायरिंग, एएसई सहित 4 की मौत; गोली चलाने वाला गिरफ्तार

- मरने वालों में आरपीएफ के एक एएसआई और तीन यात्री शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कॉन्स्टेबल चेतन ने गोलीबारी की इस घटना को अंजाम दिया है।

**मुंबई।** गुजरात से मुंबई आ रही जयपुर एक्सप्रेस में फायरिंग की घटना हुई है, जिसमें चार लोगों की मौत की खबर सामने आ रही है। यह घटना महाराष्ट्र के पालघर में हुई है। मरने वालों में आरपीएफ के एक एएसआई और तीन यात्री शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कांस्टेबल चेतन ने गोलीबारी की इस घटना को अंजाम दिया है। आपको बता दें कि जयपुर एक्सप्रेस जयपुर से मुंबई जा रही थी। खबरों के मुताबिक, कांस्टेबल की अपने सहकर्मी से बहस हो गई और जब कुछ लोगों ने हस्तक्षेप किया तो आरोपी ने गोली चला दी जिससे चार लोगों की मौत हो गई। फायरिंग की यह घटना 31 जुलाई को सुबह 5.23 बजे ट्रेन संख्या 12956 जयपुर एक्सप्रेस में हुई है। बोगी बी-5 में गोली चली। एस्कॉर्ट ड्यूटी में



तैनात सीटी चेतन ने एस्कॉर्ट प्रभारी एएसआई पर गोली चलाई। कांस्टेबल को भायंदर चौकी पर पकड़ा गया है। डीसीपी नॉर्थ जीआरपी को इस घटना की सूचना दे दी गई है। रेलवे के अधिकारी ने कहा कि कांस्टेबल ने अपने ऑटोमेटिक हथियार से गोलीबारी की, जिसमें आरपीएफ एएसआई और ट्रेन के तीन अन्य यात्रियों की सुबह 5 बजे के मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि चेतन कुमार चौधरी ने चलती ट्रेन में अपने एस्कॉर्ट ड्यूटी प्रभारी एएसआई टीका राम मीना पर गोली चला दी। अपने सीनियर की हत्या करने के बाद कांस्टेबल दूसरी बोगी में गया और तीन यात्रियों की गोली मारकर हत्या कर दी। सरकारी रेलवे पुलिस और आरपीएफ अधिकारियों की मदद से कांस्टेबल को मीरा रोड पर पुलिस ने पकड़ लिया।

## कर्नाटक में नलिन कुमार कतील के 'फ्लॉप शो' के बाद नया अध्यक्ष कौन ? रेस में सीटी रवि सबसे आगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा चुनाव में करारी हार झेलने के बाद बीजेपी प्रदेश में बड़े बदलाव की तरफ बढ़ रही है। सूत्रों का कहना है कि लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए अगले कुछ दिनों में पार्टी को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल सकता है। चार साल तक प्रदेश की कमान संभालने के बाद नलिन कुमार कतील को उनके चुनाव में 'फ्लॉप शो' के बाद पद से हटाया जा सकता है। चर्चा है कि पार्टी के वरिष्ठ नेता सीटी रवि इस रेस में सबसे आगे हैं। 10 मई के विधानसभा चुनावों में पार्टी की करारी हार के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं को बूस्ट करने के लिए शीर्ष नेतृत्व प्रदेश में जल्द बड़ा बदलाव कर सकता है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि पार्टी इस महत्वपूर्ण कार्य के लिए जल्द ही घोषणा कर सकती है। लोकसभा चुनाव में एक साल से भी





कम समय बचा है और सत्तारूढ़ कांग्रेस अपनी शानदार चुनावी जीत के बाद राज्य भर में आक्रामक हो गई है। इस बात की जोरदार चर्चा है कि वरिष्ठ नेता सीटी रवि मंगलुरु के सांसद नलिनकुमार कतील की जगह ले सकते हैं, कतील लगभग चार साल कर्नाटक चीफ के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। शनिवार को हुए संगठनात्मक सुधार में पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें निभाई गई राष्ट्रीय भूमिका से हटा दिए जाने के बाद अटकलें तेज हो गईं।

**इन नामों की भी चर्चा**

पार्टी सूत्रों ने बताया कि कनिष्ठ कृषि मंत्री शोभा करंदलाजे और पूर्व डिप्टी सीएम सीएन अश्वथ नारायण के नाम भी पार्टी प्रमुख पद के लिए चर्चा में हैं। सूत्रों ने कहा कि नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति जल्द ही पूरी करना चाहेगा क्योंकि मध्य प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मिजोरम में आगामी विधानसभा चुनावों में व्यस्तता रह सकती है। सीटी रवि ने अपनी संभावित पदोन्नति के बारे में न तो पुष्टि की और न ही इनकार किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने 35 साल पहले बूथ अध्यक्ष के रूप में अपने दिनों से पार्टी द्वारा सौंपी गई सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। 56 वर्षीय नेता राजनीतिक रूप से उतने ही आक्रामक बने हुए हैं, जितने चुनाव से पहले थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि रवि दो अगस्त को दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे।

## अंधेरे का फायदा उठा एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश, बीएसएफ ने ढेर कर दिया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा में एलओसी पर आधी रात के बाद एक घुसपैठिए को मार गिराया गया। बीएसएफ अधिकारियों ने बताया कि जवानों ने संदिग्ध हरकत देखकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया और पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ करने वाले को ढेर कर दिया। घटना अर्निया सेक्टर की है। अधिकारियों का कहना है कि रात करीब 2 बजे आतंकी मारा गया। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इससे पहले 24 जुलाई को भी बीएसएफ ने ड्रग तस्करी की कोशिश को नाकाम करदिया था और सांबा के रामगढ़ इलाके में एक संदिग्ध को मार गिराया था। 17 जुलाई को पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में घुसपैठ करने वाले दो आतंकियों को मार गिराया



गया था। सुरक्षाबलों ने बताया कि 23 जून को भी कश्मीर के कुपवाड़ा में एलओसी के पास आतंकी घुसपैठ करने की कोशिश कर रहे थे लेकिन चार आतंकियों को मार गिराया गया था। उनके पास से गोला बारूद का जखीरा बरामद किया गया था। इसमें नौ एके सीरीज की राइफलें शामिल थीं। इसेक अलावा तीन पिस्तौल, ग्रेनेड, कई कारतूस बरामद हुए थे। बता दें कि पाकिस्तान की तरफ से ड्रग तस्करी को लेकर भी बार-बार घुसपैठ की कोशिश की जाती है। हालांकि सीमा पर तैनात जवान सतर्कता बरतते हुए उन्हें ढेर कर देते हैं. पंजाब में पाकिस्तान की सीम पर अकसर ड्रोन भी पाए जाते हैं जिनके जरिए ड्रग्स भेजने की कोशिश की जाती है।

## चंद्रमा की कक्षा से सिर्फ 6 दिन दूर चंद्रयान-3, इसरो 1 अगस्त को थ्रस्टर्स चालू करेगा

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने चंद्रयान-3 को पृथ्वी की कक्षा से चंद्रमा की कक्षा में भेजने के लिए 1 अगस्त की तारीख तय किया है। इसरो 1 अगस्त को 12 बजे से 1 बजे के बीच चंद्रयान-3 के थ्रस्टर्स को चालू करेगा। इसरो की तरफ से जानकारी दी गई है कि चंद्रयान-3 अब चांद की कक्षा में पहुंचने से सिर्फ 6 दिन दूर है। इसरो के मुताबिक, ट्रांस-लूनर इंजेक्शन की प्रक्रिया पूरा होने में 28 से 31 मिनट के बीच का समय लगेगा। इस प्रक्रिया को मध्यरात्रि में किया जाएगा। साथ ही चंद्रयान-3 के ऑनबोर्ड थ्रस्टर्स को तब फायर किया जाएगा, जब चंद्रयान-3 पृथ्वी के निकटतम बिंदु पर होगा, न कि तब जब सबसे दूर के बिंदु पर होगा।




**पृथ्वी की कक्षा में चंद्रयान-3 का वेग**-चंद्रयान-3 मौजूदा वक्त में 1 किमी/सेकंड और 10.3 किमी/सेकंड के बीच के वेग से एक अंडाकार कक्षा में पृथ्वी के चारों ओर घूम रहा है। चंद्रयान-3 का वेग धरती के सबसे करीबी बिंदु पर सबसे ज्यादा (10.3 किमी/सेकंड) और धरती से सबसे दूर बिंदु पर सबसे कम होता है। चंद्रयान-3 की रफ्तार को बढ़ाने की कोशिश करते समय उसको तेज रफ्तार की जरूरत होगी। दूसरा कारण यह है कि चंद्रमा की ओर बढ़ने के लिए इसके कोण को बदलना होगा, जिसे चंद्रयान-3 के धरती के सबसे करीबी बिंदु पर बदला जा सकता है।

**छह घंटे में टीएलआई लोड होगा**

प्रक्रिया में थ्रस्टर्स के चालू होने से लगभग पांच-छह घंटे पहले ट्रांस-लूनर इंजेक्शन (टीएलआई) के कमांड को लोड किया जाएगा। इससे चंद्रमा की ओर बढ़ने के लिए चंद्रयान-3 को अपना कोण बदलने में मदद मिलेगी। इसके अलावा थ्रस्टर्स की फायरिंग से इसकी रफ्तार भी बढ़ेगी। टीएलआई के बाद चंद्रयान-3 का वेग पेरिगी की तुलना में लगभग 0.5 किमी/सेकंड अधिक होने की उम्मीद है। चंद्रयान-3 को औसतन 1.2 लाख किलोमीटर का सफर तय करने में करीब 51 घंटे का समय लगता है, जबकि पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की औसत दूरी 3.8 लाख किमी है। हालांकि, किसी भी दिन वास्तविक दूरी पृथ्वी और चंद्रमा की स्थिति के आधार पर अलग होगी।

**लैंडिंग की क्या है प्रक्रिया?**

चंद्रयान-3 का अधिक महत्वपूर्ण हिस्सा अंतरिक्ष यान के चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने के बाद होगा। चंद्रयान-3 जब चंद्रमा की कक्षा में एक बार पहुंच जाएगा, तो इसरो को चंद्रयान-3 की ऊंचाई को कम करना और उसे 100 किमी की गोलाकार कक्षा में स्थापित करने के लिए प्रक्रिया शुरु करना होगा।

# दिल्ली से लेकर यूपी-बिहार तक मूसलाधार बारिश का अलर्ट, पंजाब-हरियाणा में भी बरसेंगे बादल

**नई दिल्ली।** तपती गर्मी और सूखे का संकट झेल रहे बिहार के किसानों को राहत मिल सकती है। बिहार, झारखंड और ओडिशा में मौसम करवट बदलने वाला है। मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा के लिए भी अलर्ट जारी किया है। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी हल्की बारिश का अनुमान है। आईएमडी ने 31 जुलाई को जारी अपनी रिपोर्ट में देश के अलग-अलग हिस्सों में अगले पांच दिनों तक हल्की से भारी बारिश का अनुमान लगाया है। आइए आज की रिपोर्ट के बारे में जानते हैं।

मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में कहा है, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 31 जुलाई से लेकर चार अगस्त तक भारी बारिश हो सकती है। पूर्वी राजस्थान में भी 2 अगस्त तक बादल बरसने के आसार हैं। उत्तरखांड की बात करें तो यहां एक से चार अगस्त के दौरन भारी बारिश की संभावना है। आईएमडी ने अपनी रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ में 2-3 अगस्त को भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। इसके अलावा अलग-अलग जगहों पर अगले पांच दिनों तक बादल बरसे के आसार हैं।

**बिहार में करवट लेगा मॉनसून**

बिहार के किसान मॉनसून की बेरुखी से परेशान हैं। पूरे प्रदेश में सूखे का संकट मंडरा रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने कहा है कि बिहार, झारखंड और ओडिशा में 32 जुलाई से लेकर 4




अगस्त तक मूसलाधार बारिश हो सकती है। वहीं, पश्चिम बंगाल में भी 2 अगस्त तक बादल के बरसने की संभावना है। सिक्किम में तीन अगस्त को बारिश हो सकती है।

आईएमडी के पूर्वानुमान के मुताबिक, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अभी बारिश होती रहेगी। अगले पांच दिनों के दौरान अलग-अलग जगहों पर हल्की से भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, आईएमडी ने कहा है कि अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नागालैंज, मजिरोम और त्रिपुरा में 1 से 3 अगस्त तक मूसलाधार बारिश हो सकती है।

**राजस्थान के कुछ हिस्सों में हुई भारी बारिश**

राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान कई हिस्सों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ जगहों पर भारी बारिश हुई। शनिवार सुबह 8.30 बजे से रविवार सुबह 8.30 बजे के बीच सीकर के दांतारामगढ़ में सबसे ज्यादा 17 सेंटीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि नवलगढ़ में 10 सेंटीमीटर पानी बरसा। बामनवास (सवाई माधोपुर) और उदयपुरवाटी (झुंझुनू) में 10-10 सेंटीमीटर, श्रीमाधोपुर (सीकर) में नौ सेंटीमीटर, चोमू (जयपुर) और हनुमानगढ़ में सात सेंटीमीटर और अन्य जगहों पर एक से छह सेंटीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। विभाग ने अगले 24 घंटे के दौरान राज्य के कई इलाकों में बारिश का सिलसिला जारी रहने की संभावना जताई है।

# गुजरात के बाद क्या अब मणिपुर बनेगा भाजपा का विकास मॉडल?



तनवीर जाफरी

**प्रधानमंत्री बनने से पहले गोरखपुर में एक चुनावी रैली के दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उत्तर प्रदेश को गुजरात बनाने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए। और मोदी उसी गुजरात का विज्ञापन विकास मॉडल के रूप में भी करते थे जोकि गोधरा काण्ड और उसके बाद भड़के अल्पसंख्यक विरोधी दंगों के बाद नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारक बना। पिछले दिनों प्रसिद्ध पत्रकार कारन थापर ने मणिपुर के दक्षिणपंथी मैतेई नेता प्रमोद सिंह से बातचीत की जिसमें उन्होंने साफ तौर से यह कहा कि -कुकी-जो आदिवासी समुदाय है उसको पूरी तरह से खत्म कर देंगे, क्योंकि वे हमारा रास्ता रोकते हैं। उन्होंने साफ साफ कहा कि उन्हें सरकार और पुलिस का समर्थन हासिल है।**

पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में गत 3 मई से कुकी और मैतेई समुदायों के बीच शुरू हुई हिंसा अभी भी जारी है। प्राप्त सूचनाओं के अनुसार अब तक प्रदेश में हिंसा की घटनाओं में अब तक 200 से अधिक जानें गई हैं, जबकि 50,000 से अधिक लोगों के विस्थापित होने की खबरें हैं। कुछ समय पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस दौरे के बीच ही मणिपुर हिंसा का मुद्दा यूरोपीय संसद में भी उठ चुका है। यूरोपीय संसद ने मणिपुर हिंसा को लेकर बहस की थी तथा भारत की कड़ी आलोचना की थी। हालांकि भारत ने इसे अंदरूनी मामला बताकर यूरोपीय संसद की आलोचना खारिज कर दी थी। मणिपुर हिंसा ने पूरे देश में उस समय और भी आक्रोश पैदा किया जबकि गत 19 जुलाई को कुकी समुदाय की दो महिलाओं को मैतीय समुदाय के युवकों की भीड़ द्वारा निर्वस्त्र कर घुमाने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। खबर यह भी है कि इन महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने से पूर्व इनके साथ सामूहिक बलात्कार भी किया गया था। हालाँकि यह शर्मनाक अमानवीय घटना 4 मई की बताई जा रही है। परन्तु राज्य में इंटरनेट पर लगे प्रतिबंध के चलते यह वीडियो देर से सार्वजनिक हुई। मणिपुर की घटना कितनी भयावह व अमानवीय है इसके लिये इसे किसी राजनैतिक बयानबाजी या विपक्ष के चश्मे या उस नजरिये से देखने की जरुरत ही नहीं है। बल्कि इस निरंतर हो रही हिंसक घटना से प्रभावित होकर भाजपा द्वारा ही मणिपुर में नियुक्त राज्यपाल अनुसुइया उइके ने क्या कहा यह समझना भी जरूरी है। राज्यपाल अनुसुइया उइके ने गत दिनों एक टी वी चैनल से बातचीत में कहा कि -मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा से लोग डरे हुए हैं, लोग मर रहे हैं, ऐसी हिंसा मैंने अपनी जिन्दिगी में कभी नहीं देखी। यहां दो समुदायों में काफी समस्या है जब तक इन मसलों को सुलझाया नहीं जाता तब तक कोई हल नहीं निकलेगा। आपस में जब तक बातचीत नहीं होती तब तक यहां शांति बहाल होना मुश्किल लगता है। मणिपुर के राज्यपाल ने कहा कि यहां के लोगों के दुख और दर्द को देखती हूं तो मुझे काफी तकलीफ होती। लोग मुझसे पूछते हैं कि कब शांति बहाल होगी कई महीने से घर के घर जल रहे हैं और जल गए हैं कई लोग मारे गए हैं। आखिर यह सब कब तक चलता रहेगा?

मणिपुर की घटना का प्रभाव अब भाजपा में ही राज्यपाल के बाद विरोध स्वरों के रूप में अन्य राज्यों में भी नजर आने लगा है। मणिपुर के पड़ोसी राज्य मिजोरम में भाजपा के उपाध्यक्ष आर वनरामचुआंगा ने भाजपा की मिजोरम इकाई के उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस हिंसा को लेकर मणिपुर और केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। कहा जा रहा है कि आर वनरामचुआंगा के इस्तीफे का कारण मणिपुर में चर्चों पर लगातार हो रहा हमला है। अपने त्याग पत्र में, वनरामचुआंगा ने यह कहा भी है कि - मणिपुर और केंद्र सरकार ने पड़ोसी राज्य मणिपुर में चर्चों के विध्वंस का समर्थन किया। उन्होंने त्यागपत्र मे लिखा, ईसाइयों और ईसाई धर्म के प्रति आपराधिक अन्याय के इस कृत्य के विरोध में, मैं तत्काल प्रभाव से भाजपा मिजोरम प्रदेश के राज्य उपाध्यक्ष के रूप में अपना इस्तीफा सौंपता हूं। उन्होंने यह भी दावा किया कि 3 मई से राज्य में जातीय संघर्ष के दौरान पूरे मणिपुर में 357 चर्चों को मैतेई उग्रवादियों ने जलाकर राख कर दिया।

इसी तरह बिहार में भी भाजपा को एक बड़ा झटका देते हुये भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। शर्मा ने पार्टी के अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। इस बात की जानकारी एक पोस्टर के माध्यम से देते हुये विनोद शर्मा ने मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मणिपुर में हुई महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार को लेकर उन्होंने इसका जिम्मेदार केंद्र व राज्य सरकार को ठहराया। पटना के प्रमुख चौराहों पर लगवाये गये उनके इस्तीफे से संबंधित तमाम बोर्ड व पोस्टर पर लिखा है - भारत की बहन, बेटियां करे चीत्कार-शर्म करो , बेटी बचाओ का नारा देने वाली मोदी सरकार। मान्यवर जे पी नड्डा जी,राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा, मान्यवर, मणिपुर में बेटियों को पूर्ण नग्न कर भीड़ में सड़कों पर घुमाए जाने के कारण पूरे विश्व में भारत शर्मसार हुआ है। जिसके लिए मणिपुर के भाजपा के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पूर्ण जिम्मेदार हैं और इसका बचाव करने वाले प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी जी। ऐसे नेतृत्व में काम करते हुए मैं आत्मग्लानि एवं कलंकित महसूस कर रहा हूं। इसलिए तत्काल पार्टी के पदों और पार्टी से इस्तीफा देता हूं उपरोक्त बयानों व आरोपों में से कोई भी बात न तो कांग्रेस नेताओं द्वारा की गयी न ही विपक्ष या नव गठित क ठ. ऊ क अ. द्वारा। फिर आखिर सत्तारूढ़ भाजपा और उसके नेता मणिपुर की घटना का राजनैतिक लाभ उठाने का आरोप विपक्ष पर क्यों और कैसे लगा रहे हैं ? भाजपा के कितने ही मंत्रियों सांसदों कार्यालयों व नेताओं के घर मणिपुर हिंसा में फूँक दिये गये ? और संसद के मॉनसून सत्र की शुरूआत से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब संसद पहुंचे तो उन्होंने कहा, मणिपुर की घटना से मेरा ह्रदय दुख से भरा है. ये घटना शर्मसार करने वाली है. पाप करने वाले कितने हैं, कौन हैं वो अपनी जगह है, पर बेइज्जती पूरे देश की हो रही है. 140 करोड़ देशवासियों को शर्मसार होना पड़ रहा है. मैं मुख्यमंत्रियों से अपील करता हूं कि वो मां-बहनों की रक्षा के लिए कदम उठाएं. राजस्थान, छत्तीसगढ़, मणिपुर का ज़िक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, घटना चाहे किसी भी राज्य की हो, सरकार चाहे किसी की भी हो, नारी के सम्मान के लिए राजनीति से ऊपर उठकर काम करें। प्रधानमंत्री के इस बयान के बाद तो देश में और भी उबाल आ गया। प्रधानमंत्री का इशारा पाकर जहाँ भाजपा के स्मृति ईरानी जैसे अनेक नेता मणिपुर की घटना के साथ राजस्थान व छत्तीसगढ़ की तुलना करने लगे वहीं विपक्ष ने इसे पूर्णतः राजनैतिक बयान बताया। विपक्ष का कहना है कि राजस्थान व छत्तीसगढ़ की किसी भी घटना से मणिपुर की तुलना नहीं की जा सकती। I. N. D. I. A. ने भी अपना एक 20 सदस्यीय दल मणिपुर भेजा।

दरअसल प्रधानमंत्री बनने से पहले गोरखपुर में एक चुनावी रैली के दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा था कि उत्तर प्रदेश को गुजरात बनाने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए। और मोदी उसी गुजरात का विज्ञापन विकास मॉडल के रूप में भी करते थे जोकि गोधरा काण्ड और उसके बाद भड़के अल्पसंख्यक विरोधी दंगों के बाद नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारक बना। पिछले दिनों प्रसिद्ध पत्रकार कारन थापर ने मणिपुर के दक्षिणपंथी मैतेई नेता प्रमोद सिंह से बातचीत की जिसमें उन्होंने साफ तौर से यह कहा कि -कुकी-जो आदिवासी समुदाय है उसको पूरी तरह से खत्म कर देंगे, क्योंकि वे हमारा रास्ता रोकते हैं। उन्होंने साफ साफ कहा कि उन्हें सरकार और पुलिस का समर्थन हासिल है। और वे हमसे बच नहीं सकते। सवाल यह है कि मणिपुर में क्या हो रहा है और आगे क्या होने जा रहा है? शायद तभी विश्लेषक मणिपुर की हिंसक घटना की तुलना गुजरात दंगों की तरह करने व इसे सुनियोजित साजिश बताने लगे हैं? तो क्या गुजरात के बाद अब मणिपुर बनेगा भाजपा का कथित विकास मॉडल?



## संपादकीय

### टीम नड्डा में फेरबदल

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस साल के अंत में होने वाले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले आम चुनाव के मद्देनजर अपनी टीम में बदलाव किया है। हालांकि बदलाव से ज्यादा इसे मामूली फेरबदल कहना ठीक होगा क्योंकि नई टीम में मात्र दो उपाध्यक्ष बदले गए हैं, और 10 सचिवों को फिर मौका दिया गया है यानी तेरह उपाध्यक्षों में से केवल दो को बदलते हुए नड्डा ने ग्यारह को बरकरार रखा है। इसी प्रकार 13 सचिवों में सिर्फ तीन को बदला है, और 10 को फिर मौका दिया गया है। दो मुस्लिमों-अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व वीसी तारिक मंसूर और अब्दुल्ला कुट्टी-को उपाध्यक्ष बनाने के साथ ही कांग्रेस के दिग्गज नेता एके एंटनी के पुत्र और कांग्रेस से आए अनिल एंटनी को सचिव पद पर लाया गया है जो ईसाई समुदाय से हैं। इस बदलाव से साफ है कि भाजपा की नजर मुस्लिमों खासकर पसमांदा मुस्लिमों को चुनाव में लामबंद करने की है। पसमांदा मुस्लिमों के लिए पार्टी यात्रा भी निकाल चुकी है। मंसूर और कुट्टी पसमांदा मुस्लिम समाज से आते हैं। चुनाव निकट होने के कारण माना जा रहा था कि नड्डा कभी भी अपनी टीम में बदलाव कर सकते हैं। दरअसल, भाजपा तय कर चुकी थी कि लोक सभा चुनाव नड्डा के नेतृत्व में लड़ेगी। इसलिए बीते जनवरी माह में नड्डा का कार्यकाल बढ़ाया गया ताकि लोक सभा चुनाव के दौरान वे पार्टी की कमान संभाल सकें। अब उन्होंने अपनी टीम में जो बदलाव किया है, उसमें पार्टी की रणनीति दिख रही है। महिलाओं, पसमांदा मुस्लिम, केरल, असम, छत्तीसगढ़ को मिली तवज्जो चुनाव के मद्देनजर ही है। राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे, छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह और झारखंड के पूर्व सीएम रघुबर दास को टीम में लिया जाना बताता है कि पार्टी चुनाव में कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। इसलिए नई टीम में 8 लोग यूपी से लिए गए हैं, और 9 महिलाओं को भी शामिल किया गया है। यूपी से राज्य सभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को टीम में शामिल किया है, वे गुर्जर समाज से आते हैं, और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गुर्जर बहुल क्षेत्रों में पार्टी उनकी उपयोगी भूमिका देख रही है। कामकाजी प्रदर्शन पर भी ध्यान दिया गया है। कर्नाटक में भाजपा की हार के कारण सीटी रवि की छुट्टी कर दी गई। हालांकि रवि कुछ दिनों पहले तक पार्टी की अगली पीढ़ी के अहम चेहरे माने जाते थे। कुल मिलाकर, टीम नड्डा में अनुभवी और युवा चेहरों को तरजीह मिली है।

## चिंतन-मनन

### ध्वनि का प्राणी शरीर पर प्रभाव

यह जानकर खुश होगें की ध्वनि का प्रभाव प्रत्येक जीव के शरीर पर पड़ता है। वर्तमान औधोगिकी करण और तकनीकि से ध्वनि प्रदूषण अधिक मात्रा में बढ़ रहा है। इस ध्वनि प्रदूषण के परिणाम देखते हुये नोबेल पुरस्कार विजेता डॉ. राबर्ट कॉक ने सन 1925-26 में एक बात कही थी एक दिन ऐसा आयेगा, जब पूरे विश्व में स्वस्थ्य का सबसे बड़ा शत्रु ध्वनि प्रदूषण होगा। यह ध्वनि प्रदुषण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। मानव का मन, मस्तिष्क और शरीर बहुत संवेदन शील हैं। यह ध्वनि तरगों के प्रति भी बेहद संवेदन शील है। जैसे जब कोई संगीत सहित, गीत गाता है,या वाद्य बजाता है तो मन अपने आप उस पर केन्द्रित हो जाता है उसे सुनते ही अंग-अंग थिरकने लगता है, मन प्रसन्नता से भर जाता है, शरीर में आनंद की लहर छा जाती है। इसके विपरीत कानो को अप्रिय लगने वाली तेज ध्वनि सुनाई देती है तब मानव को शारीरिक और मानसिक दोनो तरह की परेशानी होती है। जिससे व्यक्ति का मानसिक संतुलन बिगड़ जाता है एवं स्वस्थ्य खराब हो जाता है। वह बहरा और पागल भी हो सकता है।

डेसी बल ध्वनि की तीब्रता नापने की इकाई है। इसका अविष्कार ह्यग्राहमबेलह्ल बैज्ञानिक ने किया था। आधुनिक वैज्ञानिकों का कहना है कि 150 डेसीबल की ध्वनि बहरा भी बना सकती है। 160 डेसीबल की ध्वनि त्वचा जला देती है। 180 डेसीबल की ध्वनि मौत की नींद सुला सकती है। 120 डेसीबल की ध्वनि ह्रदयगति बढ़ना प्रारंभ हो जाती है। जिससे ह्रदय रोग एवं उच्च रक्त चाप की बीमारी जन्म लेती है। हर मानव को 60 डेसीबल तक की ध्वनि वाले वातावरण में रहना चाहिए प्रदूषण की श्रेणी में 75 डेसीबल से अधिक की ध्वनि शोर आता है। ध्वनि प्रदुषण से आंखों की पुतली का मध्य छिद्र फैल जाता है, आमाशय और ऑतों पर घातक प्रभाव से पाचन क्रिया बिगड़ जाती है। इससे शरीर की प्रति रोधी क्षमता घट जाती है, ग्रनथियों से हार्मोन्स का श्राव अनियमित हो जाता है, स्नायु खिच जाते है, शरीर में थकान, मानसि तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा, स्मरण शक्ति कमजोर हो जाती अतः हमें तेज ध्वनि से बचना चाहिए।

# विधानसभा चुनाव, बंटाधार-करप्शन नाथ, भ्रष्टाचार एवं घोटाले के नाम पर



सनत जैन




मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए शंखनाद हो चुका है। पक्ष और विपक्ष ने अपने अपने तरकश से तीर निकालना शुरू कर दिए हैं। चुनावी रण के लिए चक्रव्यूह की रचना भी शुरू हो गई है। 2023 का मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव, हर मामले में पिछले सारे रिकॉर्ड को तोड़कर नया कीर्तिमान रचने जा रहा है। हाल ही में केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह इंदौर पहुंचे। उन्होंने विजय संकल्प सम्मेलन को संबोधित करते हुए, विपक्षी दल कांग्रेस पर अपने तरकश से तीर छोड़े। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को करप्शन नाथ बताया। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को बंटाधार बताते हुए, अमित शाह ने प्रश्न किया जब कांग्रेस 2003 में सत्ता छोड़कर गई थी। तब भाजपा सरकार को कितना बजट सौंप कर गए थे। अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को निशाने पर लेते हुए कहा,कि वह सरकार छोड़कर बाहर गए थे। तब 23000 करोड का बजट मध्यप्रदेश का था। 2023 में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 3,14,000 करोड का बजट पेश किया। अमित शाह ने मालवा की धरती से चुनावी बिगुल बजा दिया है।

वहीं कांग्रेस भी इस चुनाव को एक नई रणनीति के तहत लड़ने जा रही है। कर्नाटक विधान सभा के चुनाव में कांग्रेस ने जिस तरह भाजपा सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा था। इसके अलावा हिंदुत्व के मुद्दे पर भी कर्नाटक में कांग्रेस ने नई तरीके की आक्रमक होकर लड़ाई लड़ी थी। कांग्रेस कर्नाटक का चुनावी मॉडल, मध्यप्रदेश में लेकर आई है। निश्चित रूप से कांग्रेस मुख्यमंत्री शिवराज सिंह और भाजपा को घेरने के लिए भ्रष्टाचार, घोटाले, महंगाई और बेरोजगारी,को मुख्य मुद्दा बनाकर चुनाव के मैदान में उतरने जा रही है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह हिंदुत्व के मुद्दे पर भाजपा सरकार को बराबरी की टक्कर दे रहे हैं। इंदौर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव पहुंचे। वहां पर उन्होंने भगवान शिव का अभिषेक किया। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी इंदौर की सभा के बाद महादेव का जलाभिषेक किया। भगवान राम और बजरंगबली का सहारा लेकर भक्ति के साथ कांग्रेस भी चुनाव मैदान मे है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भगवानों के लिए भी बड़ा धर्म संकट उत्पन्न होता हुआ दिख रहा है। वह अपने किस भक्त के साथ जाकर खड़े हों। कांग्रेस और भाजपा विधानसभा चुनाव के मुकाबले में बराबरी पर आकर खड़ी हैं। कोई भी पक्ष किसी से कम नजर नहीं आ रहा है। भाजपा को भ्रष्टाचार, घोटाले, कमीशन खोरी के आरोप में घेरने की तैयारी कांग्रेस कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के संसदीय क्षेत्र में बागेश्वर धाम का एक बड़ा आयोजन कमलनाथ द्वारा आयोजित किया जा रहा है। मध्यप्रदेश में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में कांग्रेस भी पीछे नहीं है। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर पक्ष और विपक्ष ने अपने अपने तरकस के लिए जो तीर तैयार किए हैं। दोनों ही पक्ष अपनी-अपनी सेनाओं को एकजुट कर रहे हैं। प्रारंभिक रूप से भारतीय जनता पार्टी मे बगावत की जो आशंका थी। उस पर बहुत हद तक काबू पा लिया गया है। टिकट वितरण का पैटर्न मध्यप्रदेश में भाजपा का बदला हुआ होगा। भाजपा में उन नेताओं को टिकट भी मिलेगी, जो 75 वर्ष की उम्र पूरी कर चुके होंगे। जो स्वयं चुनाव जीतने और अन्य विधानसभा सीटों को जिताने का सामर्थ, जिन नेताओं का होगा। ऐसे नेताओं को भाजपा में अब रिटायर नहीं किया जाएगा। प्रभावशील भाजपा के वरिष्ठ नेताओँ के परिवार जन को भी टिकट देकर उनकी राजनैतिक ताकत का लाभ इस चुनाव में उठाने की रणनीति पर भाजपा काम कर रही है। भाजपा की संगठन क्षमता मैदानी स्तर पर कांग्रेस से बहुत बेहतर है। कांग्रेस इस मामले में भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस नेता कह रहे हैं, कि महाभारत के युद्ध में कौरवों के पास भगवान श्री कृष्ण की सेना शामिल थी। युद्ध भूमि में सैन्य बल कौरवों के पास ज्यादा था। कौरवों के पास बड़े-बड़े योद्धा भी थे। रणभूमि में पांडवों के सारथी बनकर भगवान कृष्ण पांडवों के साथ मिलकर युद्ध लड़ रहे थे। कांग्रेस को विश्वास है, कि 20 साल के भाजपा के कुशासन का अंत करने के लिए, कांग्रेस चुनाव मैदान में उतर रही हैं। उसके साथ जनता जनार्दन चुनाव मैदान में खड़ी होगी। कांग्रेस धर्म की लड़ाई लड़ रही है। 2023 का विधानसभा चुनाव काग्रेस महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और अहंकार के खिलाफ जनता की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेसी मानते हैं कि जनता की लड़ाई में वह जीत हासिल करेगी। यह लोकतंत्र का धर्म युद्ध है। वहीं भाजपा भी इस लड़ाई में कहीं पीछे नहीं हैं। दोनों ही योद्धाओं में बराबरी की टक्कर वर्तमान में देखने को मिल रही है।

# वर्ल्ड वाइड वेब दिवस:जीवन का अभिन्न अंग बन गया है वर्ल्ड वाइड वेब



योगेश कुमार गोयल




इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का ऐसा खजाना है, जिसके माध्यम से किसी एक कोने में बैठे हुए ही आप दुनिया भर की सैर कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि इंटरनेट के माध्यम से विश्वभर की हर प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियों को एक छोटे से बंद कमरे में रखे कम्प्यूटर या मोबाइल की स्क्रीन पर समेटकर ला देने वाला मूल मंत्र हहह (वर्ल्ड वाइड वेब) आज हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनता जा रहा है। यही शब्द प्रतिदिन दुनियाभर में करोड़ों कम्प्यूटरों पर असंख्य बार टाइप किया जाता है लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इंटरनेट की मायावी दुनिया में प्रवेश कराने वाली यह खिड़की कब और कैसे अस्तित्व में आई? वर्ष 1989 में 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' नामक इस मायावी शब्द को जन्म दिया था ऑक्सफोर्ड के क्वींस कॉलेज से ग्रेजुएशन कर चुके टिम बर्नर्स ली ने। वर्तमान में वेबपेज से जुड़ने या उसका निर्माण करने के लिए जो भी तरीके अपनाए जाते हैं, उनके पीछे बर्नर्स का ही दिमाग है।

8 जून 1955 को लंदन में जन्मे बर्नर्स ली ने 1976 में ऑक्सफोर्ड के क्वींस कालेज से ग्रेजुएशन किया था और उसी दौरान मात्र 21 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने अपने लिए एक छोटा सा कम्प्यूटर सैट बना लिया था। बर्नर्स ली के दिमाग में 1980 में अचानक ही 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' से संबंधित शुरूआती विचार आया। उस दौरान वह एक कम्पनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के रूप में कार्य कर रहे थे। तब उन्होंने कम्प्यूटर में मौजूद विभिन्न फाइलों को आपस में जोड़ने के लिए 'इनक्वायर' नामक एक प्रोग्राम तैयार किया था। वह कम्प्यूटर पर मौजूद अपने दस्तावेजों और फाइलों को खोलने के लिए कुछ खास कोड नंबरों का प्रयोग किया करते थे और उनका यह तरीका कम्प्यूटर पर सफलतापूर्वक काम भी करता था किन्तु उन्होंने इससे भी आगे कुछ करने की ठानी थी। दरअसल बर्नर्स ली एक ऐसा ग्लोबल प्रोजेक्ट बनाना चाहते थे, जिसकी मदद से दुनिया के सभी कम्प्यूटरों को एक व्यापक सूचना तंत्र द्वारा जोड़ा जा सके और उन्हें अपने उद्देश्य में सफलता भी मिली। वह इंटरनेट के जरिये दुनियाभर के लोगों को सूचनाओं के एक विस्तुत नेटवर्क से जोड़ पाने में सफल हो गए। इस तरह इंटरनेट पर 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू' की शुरूआत 1991 में हुई।

टिम बर्नर्स-ली को एक इंटरनेट-आधारित संचार प्रणाली विकसित करने में उनकी रचनात्मकता के लिए सम्मानित करने के लिए प्रतिवर्ष 1 अगस्त को 'वर्ल्ड वाइड वेब दिवस' मनाया जाता है। 1993 में इंटरनेट पर 'टेक्सट' के साथ-साथ पिक्चर्स व ग्राफिक्स का प्रसारण भी शुरू हो गया, जिससे धीरे-धीरे इसकी लोकप्रियता बढ़नी शुरू हो गई और आज इंटरनेट की लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की संख्या आज दुनिया भर में करोड़ों में हैं। इस बात से आज हर कोई परिचित है कि इंटरनेट ज्ञान और मनोरंजन का खजाना है पर आपको यह खजाना खोजना भी तो आना चाहिए। वर्ल्ड वाइड वेब पर एक ही विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियों के असंख्य पृष्ठ भरे पड़े हैं, यदि आपको उनमें से अपने मतलब की जानकारी खोजने का तरीका ही मालूम नहीं हो तो आपके लिए यह सब किस काम के?

मान लिया जाए कि जिस विषय पर आपको किसी जानकारी की आवश्यकता है, उससे संबंधित कुछ वेबसाइटों की आपको जानकारी भी है लेकिन यदि उन वेबसाइटों पर आपके मतलब की जानकारी न मिले, तब आप क्या करेंगे? आपकी इसी मुश्किल को आसान करता है इंटरनेट सर्च इंजन। इंटरनेट पर कुछ भी खोजते समय इंटरनेट सर्च इंजन ही आपकी मदद करता है। जिस भी विषय के बारे में आप जानकारी चाहते हैं, इंटरनेट सर्च इंजन के टूल बार में उसका नाम टाइप करने के बाद एक क्लिक करते ही यह उस विषय से संबंधित ढ़ेरों पेज आपके सामने खुल जाते हैं और इस तरह आप अपनी जरूरत आसानी से पूरी कर सकते हैं। जब भी आप सर्च इंजन में कोई शब्द या वाक्य टाइप कर उससे संबंधित जानकारी चाहते हैं तो सर्च इंजन उस शब्द या वाक्य से संबंधित पृष्ठों की एक विस्तृत सूची बनाकर आपके सामने लाकर रख देता है, जिसमें से आप अपनी जरूरत की जानकारियां प्राप्त कर सकते हैं। दरअसल सर्च इंजन एक ऐसा प्रोग्राम है, जो विभिन्न प्रोग्राम्स के तहत कार्य करता है और इंटरनेट पर उपलब्ध सभी वेबसाइटों के लाखों-करोड़ों पृष्ठों को अपने अंदर समेटे रहता है।

# शिवभक्त कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

## योगी सरकार के निर्देश पर सावन के चौथे सोमवार को कुम्भ नगरी प्रयागराज में शिवभक्तों का हुआ सम्मान





**संवाददाता**

**प्रयागराज ।** योगी सरकार में शिवभक्त कांवड़ियों की सुविधा और सुरक्षा का ध्यान रखने के साथ उनकी आस्था का सम्मान भी निरन्तर हो रहा है। सावन के चौथे सोमवार को कुम्भ नगरी प्रयागराज में शिव भक्तों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। पुष्पवर्षा के सम्मान से संगम और गंगा के सभी तट बोल-बम के जयघोष से गूँज उठे। श्रावण मास में कुम्भ नगरी प्रयागराज में संगम और गंगा के सभी तट केसरिया रंग से रंग चुके हैं। पुराणों में वर्णित आदि शिवालय श्री ब्रह्मेश्वर महादेव मंदिर, श्री मनकामेश्वर मंदिर और संगम के घाटों से बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी गंगा जल ले जा रहे शिव भक्त कांवड़ियों की लम्बी-लम्बी कतारों पर सोमवार को हेलीकाप्टर से पुष्प वर्षा की गई। डीएम प्रयागराज संजय कुमार खत्री का कहना है कि सरकार के निर्देश पर प्रयागराज में शिवभक्त कांवड़ियों पर हेलीकाप्टर से चार चरण में पुष्प वर्षा की गई। संगम और माँ गंगा के सभी तटों के अलावा जिले के उन सभी शिवालयों के मार्गों में जहां से ये शिव भक्त गुजरते हैं पुष्प बरसाए गए हैं। हेलीकाप्टर से श्रद्धालुओं पर हो रही पुष्पवर्षा से शिवभक्त भाव विभोर हो गए। क्षण भर में संगम और गंगा के सभी तटों में बोल-बम का जयघोष गूंजने लगा। संगम की त्रिवेणी का पावन जल बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी ले जा रहे शिवभक्त रामेश्वर ने बताया कि एक दशक से अधिक वर्षो से सावन के मास में त्रिवेणी का जल लेकर वह काशी जाते हैं लेकिन शिव भक्तों इतना सम्मान किसी सरकार ने नहीं दिया, जितना योगी जी ने दिया है। दारागंज के दशाश्वमेध घाट से कांवड़ उठाकर पडिला महादेव मंदिर गंगा जल अर्पित करने जा रहे भानुप्रताप कावरियों की आस्था को मिल रहे सम्मान से भाव विभोर हैं। उनका कहना है कि यह पुष्प वर्षा नहीं बल्कि महादेव के आशीर्वाद की वर्षा है जो एक संत मुख्यमंत्री द्वारा ही कराई जा सकती है। जिन-जिन मार्गो से ये शिवभक्त गुजरे उन मार्गों में उनकी सुविधा के सभी इंतजाम प्रशासन की तरफ से किये गए हैं। पुलिस कमिश्नर प्रयागराज रमित शर्मा के मुताबिक शिव भक्तों के गुजरने वाले सभी मार्गों एवं घाटों पर निरंतर पेट्रोलिंग की व्यवस्था है। संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी कराई जा रही है। प्रशासन कट या सम्पर्क मार्गों पर विशेष निगरानी एवं व्यवस्था रख रहा है। कावंड़ मार्गों पर पड़ने वाले अंधे मोड़ों पर साइनेज लगाये गए हैं। उनके यात्रा के मार्ग पर अण्डा-मांस- मछली की दुकानें किसी भी स्थिति में खुली न हों इसे भी सुनिश्चित कराया गया है। इसके लिए संबधित पुलिस स्टेशन कर्मियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं। यात्रा में भजन, कीर्तन और भक्ति के गीत के साथ परंपरागत नृत्य, गीत, संगीत की भी अनुमति है, लेकिन प्रशासन ने यह भी अपील किया है कि यह सुनिश्चित किया जाए की डीजे, गीत-संगीत आदि की आवाज निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रहे। बता दें कि सावन में प्रदेश में शिवभक्त कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा का क्रम लगातार जारी है। पिछले तीन सोमवार को जहां काशी, मेरठ, सहारनपुर, बाराबंकी और अयोध्या में पुष्पवर्षा की गई वहीं चौथे सोमवार को प्रयागराज में शिव भक्त कांवड़ियों का सम्मान फूल बरसा कर किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पिछले 6 साल से प्रदेश में शिवभक्तों का बिल्कुल खास तरीके से सम्मान किया जा रहा है। सरकार की ओर से ना सिर्फ कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा की जा रही है, बल्कि उनकी सुविधाओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

# कैंप में कैडेट्स ने फायरिंग और फायर सेफ्टी की बारीकियां सीखी





**संस्कार उजाला**

**आगरा।** 2 यूपी बटालियन आगरा का सीएटीसी-10 कैंप आनंद इंजीनियरिंग कॉलेज कीठम आगरा पर 26 जुलाई से चल रहा है जिसका समापन 4 अगस्त को होगा। कैंप में आगरा के विभिन्न कालेजों एवं स्कूलों के 400 से अधिक कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। आज शिविर मे फायरिंग जेसीओ उत्तम बुद्धा ने कैडेट्स को फायरिंग की बारीकियों से और फायरमैन विनोद कुमार सारस्वत के नेतृत्व में फायरमैन अमित कुमार, फायरमैन रितिक मलिक, फायरमैन रोहिल धामा ने फायर सेफ्टी से सम्बंधित जानकारी कैडेट्स को प्रदान की। इस दौरान कैंप कमांडर कर्नल पी विभु, उप कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल दीपेंदर सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल जे एस कौशल, मेजर प्रियंका ठाकुर, सूबेदार मेजर किशनलाल, बीएचएम यतेंद्र सिंह, कैम्प जेसीओ सूबेदार अमर सिंह, कैम्प एजुडेंट मेजर अजीत सिंह, मेजर रवींद्र सिंह, थर्ड ऑफिसर अमित कुमार यादव, सूबेदार तुबेन्द्र गुरूंग,नायब सूबेदार दीपेंद्र सिंह, बी एच एम यतेंद्र सिंह, हवलदार नरेंद्र सिंह, हवलदार दिनेश कुमार, हवलदार कृपाल, हवलदार अनिल, हवलदार शिवचंद्र,हवलदार सोम बहादुर थापा, हवलदार रसूल, हवलदार नीरज कुमार,हवलदार सत्यराम सहित पीआई स्टाफ और कैम्प के समस्त कैडेट्स उपस्थित रहे। यह जानकारी एशोसिएट एनसीसी ऑफिसर जुग्गी लाल वर्मा द्वारा प्रदान की गई।

# नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय : सीएम योगी

## जनता दर्शन में 400 लोगों की समस्याएं सुनीं मुख्यमंत्री ने, निराकरण के दिए निर्देश









**संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी ने उक्त निर्देश सोमवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दिए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 400 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर-के सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता वह निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। हर पीड़ित के साथ संवेदनशील व्यवहार अपनाते हुए उसकी मदद की जाए। जनता दर्शन में कुछ लोगों की रोजगार संबंधी समस्या पर मुख्यमंत्री ने सकारात्मक भरोसा देते हुए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

### संक्षिप्त डायरी

## गोरखपुर में दिव्यांग को जिंदा जलाकर मार डाला : दरवाजे पर सो रहा था, आधी रात दबंगों ने लगा दी आग



**गोरखपुर ।** एक दिव्यांग को जिंदा जलाकर मार दिया गया। वह अपने घर के बाहर सो रहा था। आधी रात पड़ोसियों ने आग की लपट उठते देख परिवार को जानकारी दी। जब तक परिवार के लोग पहुंचे, तब तक दरवाजे पर सो रहे दिव्यांग सुरेंद्र यादव (25) की जलकर मौत हो चुकी थी। इस घटना से पूरा इलाका दहल गया है। ये घटना चौरी चौरा के देवीपुर गांव में रविवार की देर रात हुई। दिव्यांग की बहन रीता ने आरोप लगाया कि गांव के प्रधान पति लालबचन से 7 दिन पहले सरकारी जमीन पर पानी की टंकी बनवाने को लेकर विवाद हुआ था। हमारा परिवार विरोध कर रहा था। इसलिए मेरे भाई को ही मार डाला। ADG जोन अखिल कुमार, DM कृष्णा करुणेश और SSP डॉ. गौरव ग्रोवर ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने महिला प्रधान के पति समेत 6 लोगों को हिरासत लिया है। दरअसल, दोनों पैर से दिव्यांग सुरेंद्र के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। मां और भाई जोगेंद्र के साथ वह घर पर रहता था। उसके घर के पास स्थित सरकारी जमीन पर ग्राम प्रधान के पति लालबचन पानी की टंकी बनवाना चाह रहा था। जबकि सुरेंद्र और उसके परिवार के लोग इसका विरोध करते थे। एक हफ्ते पहले पैमाइश के दौरान सुरेंद्र और लालबचन के बीच कहासुनी भी हुई थी। गांव के लोगों ने बीच बचाव कराया। इसके बाद मामला शांत हुआ। रविवार की रात में खाना खाने के बाद सुरेंद्र घर के बाहर चारपाई पर सोया था। रात 1:30 बजे पड़ोसी ने आग की लपट उठता देख शोर मचाया तो परिवार के लोग कमरे से बाहर निकले। उन्होंने देखा कि चारपाई पूरी तरीके से जल चुकी है, सुरेंद्र नीचे मृत पड़ा है। पानी डालकर किसी तरह से आग बुझाई गई, लेकिन सुरेंद्र को बचाया नहीं जा सका। परिवार के मुताबिक, चारपाई पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाई गई थी। परिवार के लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 पर दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम के साथ डीएम और ररढ पहुंच गए। परिवार का आरोप है कि प्रधान के पति ने सुरेंद्र की हत्या कराई है। अरढ चौरी चौरा मानुष पारीक ने बताया,"तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर किया गया है। प्रधान समेत कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है है। घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच चल रही है। पोस्टमॉर्टम और फॉरेंसिक रिपोर्ट सामने आने के बाद स्थिति साफ होगी। जल्द ही घटना का पदार्फाश किया जाएगा।" सुरेंद्र, तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। सबसे बड़ी बहन रीता की शादी पिपराइच के ताज पिपरा गांव में हुई है। छोटा भाई योगेंद्र ट्रक चलाता है। घटना की जानकारी होने पर देर रात चोरी चोरा थाने पहुंची रीता ने प्रधान के पति लाल वचन पर हत्या का केस दर्ज कराया।

## बुआ भतीजे की सड़क हादसे में मौत





**संस्कार उजाला**

**आगरा।** ताजगंज के पुरानी मंडी-किला रोड स्थित खैराती टोला पर सोमवार को बस ने बाइक सवार महिला और युवक को रौंदा दिया। दोनों की मौके पर मौत हो गई। दोनों बुआ और भतीजा थे। ताजगंज के गांव करबना के रहने वाले बताए जा रहे हैं। दोनों किले से पुरानी मंडी चौराहे की ओर बाइक पर आ रहे थे, इसी दौरान सामने से आती हुई बस ने दोनों को रौंदा दिया। पुलिस मरने वालों में कृष्णा पुत्री जवाहर सिंह (30 वर्ष)और भतीजा सौरभ (15 वर्ष) सामिल है! दोनों मोटरसाइकिल से जीवनी मंडी स्थित खाटूश्यामजी मंदिर में दर्शन कर लौट रहे थे की पुरानी मंडी के पास बस ने रौद्र दिया! रोडवेज बस की स्टेरिंग फेल होने से जीवनी मंडी चौराहे पर भीषण जाम लग गया। बस ताज डिपो की हैं। जाम के चलते कई किलोमीटर तक गर्मी में वाहन फंस गए। यातायात पुलिस क्रेन मंगवाकर बस को हटवा रही हैं।

# पूर्व की सरकारों की कुनीति व कुशासन से गरीब और बीमारू था यूपीः सीएम योगी

● पीएम आवास योजना के 5100 लाभार्थियों के खातों में 51.52 करोड़ रुपये अंतरित किए मुख्यमंत्री ने ● छह साल में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठे ● जातिवाद, परिवारवाद के शिकंजे में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए थे सपा के नारे









**संवाददाता**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संसाधनों से अमीर होने के बावजूद उत्तर प्रदेश पूर्व की गैर भाजपा सरकारों की कुनीति व कुशासन से गरीब और बीमारू राज्य बना हुआ था। भाजपा की डबल इंजन सरकार ने सुनीति और सुशासन से उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। आज दुनिया मानती है कि यूपी गरीब व बीमारू राज्य नहीं बल्कि वह प्रदेश है जहां छह साल में साढ़े पांच करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठे हैं। सीएम योगी सोमवार पूर्वाह्न वीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज परिसर में आयोजित पीएम आवास योजना के लाभार्थी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने सिंगल क्लिक से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 5100 लाभार्थियों के बैंक खातों में 51.52 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित की। 250 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से प्रथम किस्त, 2602 लाभार्थियों को 1.50 लाख रुपये की दर से दूसरी किस्त तथा 2248 लाभार्थियों को 50 हजार रुपये की दर से तीसरी किस्त की धनराशि भेजी गई। सीएम ने पीएम आवास योजना के 12 लाभार्थियों को आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों को सवालों के घेरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक शासन करने वाली कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारों ने जनता को जनहित और विकास की योजनाओं के लाभ से वंचित रखा। कांग्रेस नारा देकर भी गरीबी नहीं हटा पाई। सपा के नारे जातिवाद, परिवारवाद के शिकंजे में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गए। बसपा के हाथी के पेट मे पूरा प्रदेश ही समा जा रहा था। इन सबका परिणाम यह रहा कि यूपी पिछड़ता चला गया। यदि जनता गरीब रहेगी तो प्रदेश व देश समृद्ध नहीं हो सकता। सीएम योगी ने कहा कि छह साल से यूपी में दिख रहा विकास और जनकल्याण के कार्य पहले भी हो सकते थे पर पूर्व की सरकारों में इच्छाशक्ति का अभाव था। सपा का बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि उनके एजेंडे में "मैं" और मेरा परिवार ही था। प्रदेश के संसाधनों को लूटने के लिए महाभारत के सभी रिश्ते जुड़ जाते थे। उन्होंने किसानों, व्यापारियों का शोषण किया, युवाओं से अन्याय किया, महिलाओं की सुरक्षा खतरे में डाली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों में 15 जुलाई से 15 नवंबर तक का समय इंसेफेलाइटिस की दहशत के नाम रहता था। 40 वर्षों में 50 हजार बच्चों की मौत हो गई थी। डबल इंजन की सरकार ने इंसेफेलाइटिस का समूल कर दिया है। इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित है, बस उन्मूलन की घोषणा ही बाकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सुदृढ़ीकरण और एम्स की स्थापना हो जाने से सर्दी हो या गर्मी, बरसात हो या बसंत, कोई भी बीमारी बच्चों का बाल बांका नहीं कर सकती। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी का सपना है कि हर व्यक्ति के पास अपना घर हो। हर व्यक्ति की भी यही कामना होती है कि उसके पास अपना घर, उसमें बिजली पानी, रसोई गैस, राशन कार्ड, स्वास्थ्य बीमा आदि की सुविधा हो। आजादी के बाद पहली बार डबल इंजन की सरकार ऐसी सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने पीएम आवास योजना को प्रधानमंत्री की तरफ से गिफ्ट बताते हुए कहा कि किस्त की रकम से समय पर मकान बनवाइए। यदि कोई पैसा मांगे तो सीधे मुझे सूचना दीजिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को राशन कार्ड, बिजली कनेक्शन, रसोई गैस कनेक्शन, आयुष्मान योजना का लाभ भी दिया जाएगा। उन्होंने आवास बन जाने पर गृह प्रवेश में जनप्रतिनिधियों को भी बुलाने और जो खुद खाते हों, वही जनप्रतिनिधियों को भी खिलाने की बात भी कही। सीएम ने बताया कि यूपी में पीएम आवास योजना शहरी के तहत 54 लाख गरीबों को आवास मिले हैं। गोरखपुर में 43600 आवास स्वीकृत हैं। इसमें से 35500 आवास पूर्ण हो चुके हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले छह वर्षों में 61184 आवास उपलब्ध कराए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार में विकास के साथ ही जनकल्याण की रफ्तार निरंतर बढ़ रही है। देश का सुरक्षित राज्य होने के साथ यूपी निवेशकों का पसंदीदा गंतव्य है। गोरखपुर को ही देखें तो अच्छी सड़कें शोभा बढ़ा रही हैं। एम्स, खाद कारखाना, चिड़ियाघर, रामगढ़ताल से विकास की नई तस्वीर दिखती है। मेडिकल कॉलेज रोड विदेशी रोड लगता है। फ्लाईओवर बन जाने से खजांची चौक पर जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गोरखपुर में सबकुछ है। यहां से संगठित अपराध, गैंगवार का सफाया हो चुका है। मच्छर और इंसेफेलाइटिस की समस्या का समाधान हो गया है। गोरखपुर तो अब सभी बीमारियों का समाधान करने वाला क्षेत्र बन गया है। दुनिया के निवेशक यहां निवेश करने आना चाहते हैं। गोरखपुर चार विश्वविद्यालय से शिक्षा का आधुनिक हब बन गया है। जल्द ही सहजनवा में अटल आवासीय विद्यालय में सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। बेसिक स्कूलों का कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जो संकीर्ण सोच वाला होगा, उसे ही विकास नजर नहीं आ रहा होगा। जनकल्याण का पक्ष देखें तो कोरोना काल से देश मे 80 करोड़ और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन की सुविधा मिल रही है जबकि पहले सत्ताधारी पार्टी से जुड़े लोग गरीबों का राशन हड़प जाते थे। आज किसी ने ऐसा किया तो जेल उसके इंतजार में है। पहले नौकरी के नाम पर डकैती होती थी, आज नौकरी में सेंधमारी करने वाले जेल में मिलेंगे। डीबीटी से पेंशन में कमीशनखोरी को खत्म कर दिया गया है। सीएम ने सभी लोगों से विकास की सोच से जुड़ने, नागरिक दायित्व का निर्वहन करते हुए स्वच्छता को बढ़ावा देने की अपील की। कहा कि विकास की सोच से ही कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी लोगों से मेरी माटी, मेरा देश अभियान से जुड़ने की अपील की। कहा कि हमारा देश व इसकी माटी के प्रति दायित्व होता है कि हम गंदगी न फैलाएं, अराजकता का प्रतिकार करें, भ्रष्टाचार को पनपने दें। अराजकता, गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार की सूचना शासन-प्रशासन को दें। प्रशासन इसका इलाज कर देगा। लाभार्थी सम्मेलन को प्रदेश सरकार के मत्स्य विकास मंत्री डॉ संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, श्रीराम चौहान ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक महेंद्रपाल सिंह, विपिन सिंह, डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## नजफगढ़ मेट्रो स्टेशन पर युवक ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग, मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नजफगढ़ मेट्रो स्टेशन पर मेट्रो के आगे छलांग लगाकर युवक ने अपनी जान दे दी। पुलिस ने कहा कि दिल्ली मेट्रो के नजफगढ़ स्टेशन पर चलती ट्रेन के सामने कथित तौर पर कूदने के बाद सोमवार को एक 31 वर्षीय लाइब्रेरियन की मौत हो



गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सोमवार सुबह नौ बजकर 26 मिनट पर सूचना मिली कि एक व्यक्ति नजफगढ़ में ट्रेन के सामने कूद गया है, जिससे उसकी मौत हो गई। व्यक्ति की पहचान नजफगढ़ के प्रेम नगर निवासी मनीष कुमार के रूप में हुई। वह उत्तराखंड के देवप्रयाग में लाइब्रेरियन के पद पर कार्य करते थे। मृतक की एक बेटी भी है।

**सामान्य हुई मेट्रो की सेवा**

पुलिस अधिकारी ने कहा कि मामले की जांच के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई है और उनके परिवार के सदस्य भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस ने कहा कि सीआरपीसी की धारा 174 के तहत पूछताछ की जा रही है और आगे की पूछताछ जारी है। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के मुताबिक 15 से 20 मिनट में सेवाएं सामान्य हो गईं।

## कार की छत पर शराब पीकर रंगबाजी करते युवकों का वीडियो वायरल, गिरफ्तार, दस हजार का ठोंका जुर्माना

**गाजियाबाद।** सनरूफ खोलकर कार की छत पर बैठकर शराब पीते हुए दो युवकों का वीडियो वायरल होने के बाद गाजियाबाद पुलिस हरकत में आई और युवकों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही 10 हजार रुपये का चालान भी कर दिया। यह वीडियो गाजियाबाद की पॉश कालोनी राजनगर का है। 52 सेकंड के इस वीडियो में बेखौफ युवक सनरूफ खोलकर गाड़ी की छत पर शराब हाथों में लिए नजर आ रहे हैं। इसमें सफेद टीशर्ट में युवक ड्रिंक खत्म करने के बाद केंन लापरवाही के साथ सड़क पर फेंक देता है। युवक लापरवाही के साथ गाड़ी चलाते हुए बीच सड़क पर रंगबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन भी कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद कमिश्नर का ऑफिस और घर कलेक्ट्रेट ऑफिस महज कुछ दूरी पर है। पुलिस भी लगातार यहां गस्त करती हुई नजर आती है। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि वायरल वीडियो थाना कवि नगर क्षेत्र का है। इसमें कुछ युवक गाड़ी में शराब पी रहे हैं। यातायात को बाधित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया है। गाड़ी का दस हजार रुपये का चालान भी किया गया है।




## दक्षिणी दिल्ली में जुए के अड्डे का भंडाफोड़, 30 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कहा है कि उन्होंने दक्षिण दिल्ली के वसंत कुंज इलाके में एक जुए के अड्डे का भंडाफोड़ किया है और तीन आयोजकों सहित 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। जुए के अड्डे से 4,58,520 रुपये नकद, 1,762 चिप्स, 80 ईंटें, पोकर कार्ड के 12 पैकेट और तीन टेबल बरामद किए गए। इस मामले के संबंध में दिल्ली सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत दिल्ली अपराध शाखा पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। डीसीपी संजय भाटिया की टीम ने फार्महाउस नंबर-23/1, दारा फार्म, राम मंदिर रोड, वसंत कुंज में छापेमारी की। उन्होंने कहा, आम गेमिंग हाउस के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे फार्महाउस के एक बड़े हॉल से खिलाड़ियों, आयोजकों और कार्ड शफलरों सहित तीस लोगों को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान यह सामने आया कि सभी जुआरी पहले से ही एक-दूसरे को जानते थे और जुए के आदी थे। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी जुआ खेलने के लिए गोवा आते थे। अधिकारी ने कहा, जुआरी विकास ने अपने सहयोगियों प्रशांत गोयल और दमन सोढ़ी के साथ दिल्ली में पोकर आयोजित करने की योजना बनाई।

# असोला भाटी में मनाया गया तीसरा वन महोत्सव कार्यक्रम - गोपाल राय

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय द्वारा आज दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के असोला भाटी में तीसरे 'वन महोत्सव' की शुरूआत की गई। कार्यक्रम के दौरान असोला भाटी वन्यजीव अभ्यारण्य के पर्यटकों के लिए ऑनलाइन पोर्टल (https://abwls.eforest.delhi.gov.in/inde&.asp&) की शुरुआत की गई। इस पोर्टल के द्वारा दिल्लीवासियों के लिए ऑनलाइन प्रवेश अनुमतियां जारी करना ,वाहन क्षमता के अनुसार परमिट जारी करना ,पेपरलेस टिकट ,एडवांस बुकिंग ,ऑनलाइन पेमेंट जैसी सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी। इसके अलावा, इस पोर्टल पर दिल्लीवासी असोला भाटी वन्यजीव अभयारण्य के बारे में जानकारी जैसे इकोटूरिज्म सर्किट ,प्रवेश और निकास द्वार ,अभ्यारण्य के खुलने और बंद होने का समय ,छुट्टी के दिन , यहां पर मौजूद वनस्पति और जीवो सम्बंधित जानकारी भी इस पोर्टल के द्वारा पा सकेंगे।कार्यक्रम में दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र के विधायक करतार सिंह तंवर, सही राम और नरेश यादव ; आरडब्लूए के सदस्य, पर्यावरण मित्र और विभिन्न स्कूलों के ईको क्लब के बच्चों और शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई। केजरीवाल सरकार द्वारा इस साल 52 लाख से ज़्यादा पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके अलावा 50 लाख पौधा / झाड़ी एनडीएमसी द्वारा लगाए जाएंगे। कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगो को विभाग द्वारा फ्री औषधीय पौधे भी बाटें गए। दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत पौधरोपण करके की गई। उसके बाद उपस्थित लोगो, बच्चों और अध्यापको को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहता है। हमारी सरकार बनने के बाद




सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हमारी सरकार पर्यवरण और प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसी के चलते दिल्ली के प्रदूषण स्तर में पिछले 8 सालो में 30 प्रतिशत से ज़्यादा की कमी देखी गई है। साथ ही दिल्ली के अंदर हरित क्षेत्र (ग्रीन कवर) में काफी इज़ाफ़ा देखा गया है। प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत दिल्ली सरकार द्वारा ग्रीन एक्शन प्लान के तहत राज्य में वृक्षारोपण अभियान चलाया जाता है। इसी के चलते इस वर्ष समर एक्शन प्लान के 14 बिन्दुओ में शामिल वृक्षारोपण महाअभियान को गति देने के लिए 9 जुलाई को आईएआरआई पूसा से वन महोत्सव की शुरूआत की गई। जिसके बाद दूसरा वन महोत्सव पश्चिमी दिल्ली के द्वारका में मनाया गया। उसी कड़ी में आगे बढ़ते हुए आज दक्षिणी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में हम तीसरा वन महोत्सव कार्यक्रम मना रहे है। अगले 4 हफ्तों तक दिल्ली की अलग-अलग लोकसभाओ में इस महोत्सव के तहत वृक्षारोपण का महाअभियान चलाया जाएगा। गोपाल राय ने बताया की दिल्ली के ग्रीन बेल्ट को बढ़ाने और दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए हर साल वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है। केजरीवाल सरकार के दूसरे कार्यकाल यानी साल 2020 से जबसे हमारी सरकार बनी है 2022 - 23 तक 1 करोड़ 18 लाख पौधे लगाए गए है। इस वर्ष भी हमारी सरकार ने 52 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इस लक्ष्य को सभी 21 सम्बंधित विभागों की हरित एजेंसियो के द्वारा पूरा किया जाएगा। इसके अलावा 50 लाख पौधा / झाड़ी एनडीएमसी द्वारा लगाए जाएंगे।

**-इस साल लगभग 6 लाख से ज़्यादा नि:शुल्क पौधे किये जाएंगे वितरित**

पर्यावरण एवं वन मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सरकार के साथ दिल्ली वासियो का भी इस वन महोत्सव में सहयोग रहे इसी कारण सरकार द्वारा दिल्लीवासियों के लिए इस वन महोत्सव कार्यक्रम के बाद दिल्ली के विधायक एवं पार्षदों की सहभागिता से मुफ्त औषधीय पौधे पूरे 70 विधानसभाओ में वितरित करने का अभियान शुरू किया जाएगा। साथ ही दिल्ली की 14 सरकारी नर्सरियो से नि:शुल्क औषधीय पौधे भी बाटें जाएंगे ताकि लोग अपने- अपने घरो में वृक्षरोपण कर दिल्ली के हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने में सहभागिता दे सकेंगे 7 इनमे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले औषधीय पौधे भी शामिल रहेंगे।

## ग्रेटर नोएडा में चेरी काउंटी सोसायटी की 15वीं मंजिल से गिरकर व्यक्ति, मौत

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर कोतवाली क्षेत्र की चेरी काउंटी सोसायटी की 15वीं मंजिल से गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विधिवत कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि सोमवार को थाना बिसरख पर सूचना प्राप्त हुई कि चेरी काउंटी सोसाइटी में एक व्यक्ति विनीत सिंह पुत्र अनिल सिंह उम्र 40 वर्ष निवासी चेरी काउंटी सोसाइटी के 15वी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गया। बालकनी से नीचे गिरने से व्यक्ति घायल हो गया, जिसके बाद परिजनों व्यक्ति को यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आगे कहा कि मृतक के परिजन मौके पर मौजूद है। पंचायतनामा की कार्रवाई की जा रही है। अन्य कार्रवाई भी जारी हैं।




# यमुना में नहाने गए तीन किशोर पानी में डूबे

**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तरी जिले के अलीपुर स्थित सिंघु गांव के नजदीक यमुना में नहाने गए तीन किशोर गहरे पानी में डूब गए। हादसे के बाद इनके साथ मौजूद दो अन्य दोस्त बुरी तरह घबरा गए। डर की वजह से दोनों ने इनके परिजनों को डूबने के बारे में नहीं बताया। परिजन अपने बच्चों को ढूंढते रहे। देर रात को दोनों दोस्तों ने किशोरों के डूबने की जानकारी दी। रात को ही मामले की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। बोट क्लब के गोताखोर भी मौके पर पहुंच गए। रातभर और दिन में चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद तीनों किशोरों का सुराग नहीं लग सका। आशंका व्यक्त की जा यमुना के तेज बहाव में तीनों दोस्त बह गए। बचाव दल रिशु (14), शिवम (13) और रूपेश (14) की तलाश में जुटा है। जानकारी के अनुसार रिशु, शिवम और रूपेश परिवार के साथ सिंघु गांव में रहते हैं। रिशु के परिवार में पिता राम सिंह, मां और एक भाई है। शिवम के परिवार में पिता नागेंद्र व अन्य सदस्य हैं। वहीं रूपेश के परिवार में पिता जितेंद्र पांडेय व अन्य लोग हैं। तीनों ही दोस्त पास के सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा के छात्र हैं।



शनिवार सुबह करीब 10 बजे तीनों दोस्त अपने दो अन्य दोस्त प्रवेश और शुभम के साथ खेलने जाने की बात कर घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं लौटे। रिशु के पिता राम सिंह ने बताया कि उन्होंने प्रवेश और शुभम से पूछा तो वह पता न होने की बात करने लगे। लेकिन स्थानीय लोगों का कहना था, तीनों दोस्त प्रवेश और शुभम के साथ ही थे। तीनों का जब कोई पता नहीं चला तो मामले की सूचना अलीपुर थाना पुलिस को की गई। बच्चों की तलाश शुरू हुई। इस बीच देर रात को प्रवेश ने बताया कि शनिवार दोपहर के समय यमुना चार-फाटक के पास नहाने के दौरान रिशु, शिवम और रूपेश गहरे पाने में डूब गए। प्रवेश भी डूबने लगा था, लेकिन शुभम ने उसका हाथ पकड़ लिया।

घटना की जानकारी देर रात 1.50 बजे पुलिस व दमकल विभाग को दी। रात ही बचाव कार्य शुरू हो गया। सुबह तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के भी तीनों का सुराग नहीं मिला। भी तीनों की तलाश की गई। तीनों के डूबने के बाद परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है। देर रात तक उनकी तलाश जारी थी।

## गाजियाबाद में लव, सेक्स और धोखा : मौज-मस्ती के लिए अमीर लड़कियों को फंसाने वाले 4 गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** लड़कियों को अपने जाल में फंसा कर, उनका अश्लील वीडियो बनाकर, उनसे पैसे ऐंठ कर मौज मस्ती करने वाले नाबालिग समेत चार लड़कों के गैंग को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह लड़के अपने महंगे शौक पूरा करने के लिए अमीर लड़कियों को अपना निशाना बनाते थे और फिर उनसे ब्लैक मेलिंग करते थे।

ये गैंग इन लड़कियों से पहले दोस्ती, रेप और फिर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर उनसे पैसा वसूलता था। ये गैंग ऐसा सिर्फ अपनी मौज मस्ती के लिए करता था। शालीमार गार्डन इलाके के एसीपी सूर्यबली मौर्य ने बताया कि टीला मोड़ थाने में 28 जुलाई और शालीमार गार्डन थाने में 30 जुलाई को दो पीड़िताओं ने रेप और रंगदारी मांगने के मुकदमे दर्ज कराए थे। इन पीड़िताओं के मुताबिक, अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने की धमकी देकर कुछ लड़के पैसा वसूल रहे हैं। टीला मोड़ थाना पुलिस ने इस केस में



चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान सलमान, साहिब उर्फ भूरा, निखिल के रूप में हुई है। चौथा आरोपी नाबालिग है। आरोपियों से 2 मोबाइल रिकवर हुए हैं, जिसमें टीला मोड़ क्षेत्र से संबंधित पीड़ित लड़की की अश्लील क्लिप मिली है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे पब-रेस्टोरेंट में जाने के शौकीन हैं। उन्हें कपड़े-जूते भी अच्छे पहनने का शौक है, लेकिन काम धंधा नहीं होने की वजह से वो ये शौक पूरे नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में उन्होंने ऐसी लड़कियों को टारगेट करना शुरू किया, जो आर्थिक रूप से मजबूत हैं। इन लड़कियों को पहले अपनी दोस्ती के जाल में फंसाया। फिर उनसे शारीरिक संबंध बनाए और उसी दौरान अश्लील फोटो-वीडियो रिकॉर्ड कर लिए। फिर इन्हें वायरल करने की धमकी देकर ये लड़के उन्हें ब्लैकमेल करके पैसा वसूलकर अपनी मौज-मस्ती पर खर्च करते थे। पुलिस के मुताबिक यह अभी कितनी लड़कियों के साथ इस तरीके की घिनौनी हरकत कर चुके हैं इसका पता लगाया जा रहा है। फिलहाल पुलिस के पास अभी तक दो पीड़ितों के बयान दर्ज हुए हैं।

## उत्तर प्रदेश, बिहार, आंध्र से होती है सबसे ज्यादा बाल तस्करी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश, बिहार और आंध्र प्रदेश से वर्ष 2016 से?? वर्ष 2022 के बीच सबसे ज्यादा बाल तस्करी हुई है, जबकि कोरोना महामारी के बाद दिल्ली में बच्चों की तस्करी में 68 फीसद की भारी बढ़ोतरी देखने को मिली है।



यह जानकारी देश में बाल तस्करी पर जारी एक रिपोर्ट में सामने आई है। यह रिपोर्ट नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी के संगठन कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन (केएससीएफ) ने 'गेम्स 24 गुणा 7' के साथ संयुक्त रूप से जारी की। यह रिपोर्ट 'चाइल्ड ट्रैफिकिंग इन इंडिया : इनसाइट्स फ्राम सिचुएशनल डाटा एनालिसिस एंड द नीड फॉर टेक-ड्रिवेन इंटरवेंशन स्ट्रेटजी' आज विश्व मानव दुर्व्यापार निषेध दिवस के मौके पर जारी की गई।

# ब्रह्माकुमारीज ने पत्रकारों और मीडियाकर्मियों के लिए किया संगोष्ठी का आयोजन

**नई दिल्ली।** ब्रह्माकुमारीज संस्था के हरी नगर सेवा केंद्र ने पत्रकारों और मीडियाकर्मियों के लिए 'स्वस्थ, सुखी व तनाव मुक्त जीवन' विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया।

यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक (कॉर्पोरेट संचार), अनुज दयाल ने दीप प्रज्योलित करके संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि मीडियाकर्मियों के जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए राजयोग मेडिटेशन कारगर है। उन्होंने कहा मीडिया व्यापार बन गया है। वे रिवेन्यू के लिए विज्ञापन को पहला और रिपोर्टिंग को दूसरा स्थान देते है, ऐसे में उन्हें तनाव का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्था के मीडिया विंग के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि भौतिक चीजों की चिंता करने की जगह दिव्यता, सुख, शांति, प्रेम, आनंद का चिंतन करेंगे तो वैसे ही प्रकम्पन हम फैलाएंगे। साथ ही जो सकारात्मक शक्तियों का चिरंतन स्रोत परमात्मा से संबंध जोड़कर हम ऊर्जावान बन समाज, पर्यावरण, प्रकृति व वातावरण को बेहतर बना सकते है। उन्होंने कहा मीडियाकर्मी भी राजयोग के द्वारा अपने मनोबल को बढ़ाकर, तनावमुक्त बन, मनोस्थिति को शान्त कर, सदभाव से कार्य करेंगे तो उसका सकारात्मक प्रभाव समाज और राष्ट्र पर पड़ेगा। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अनुसूया ने कहा कि राजयोग हमारी कार्य क्षमता को बढ़ाता है जिससे हम अपने कार्यों को परमात्मा की याद में रहे शुद्धता एवं शीघ्रता से कर सकते हैं, परंतु लोग तनाव और व्यर्थ चिंतन में अपना बहुत समय लगा देते हैं, फिर कहते राजयोग के लिए समय नहीं है।




# पेट्रोल डीजल का मुनाफा लोगों में बांटे सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार सस्ती दर पर पेट्रोल और डीजल का आयात कर देश में उसे महंगे दाम पर बेचकर भारी मुनाफा कमा रही है और इस कमाई का फायदा देश की जनता को मिले इसलिए कीमत कम से कम 35 प्रतिशत तक की कम की जानी चाहिए। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश यहां जारी एक बयान में कहा कि मोदी सरकार पेट्रोल-डीज़ल पर निर्दयी तरीके से मुनाफाखोरी कर रही है और पिछले एक साल में कच्चा तेल 35 प्रतिशत तक सस्ता हुआ है लेकिन पेट्रोल-डीज़ल के दाम नहीं घटाए गए।

उन्होंने कहा ÷देशवासी महंगाई और बेरोज़गारी की मार झेलते हुए आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार देशवासियों की खून-पसीने की कमाई लूटने में लगी है। कच्चे तेल की कीमत कम होने के बावजूद उसका लाभ देशवासियों को देने की बजाए सरकार पेट्रोल और डीज़ल पर निर्दयी तरीके से टैक्स लगाकर सस्ते में ईंधन को



महंगे में बेचकर मुनाफाखोरी कर रही है। सरकार ने पेट्रोल व डीज़ल में न केवल स्वयं भयानक मुनाफ़ाख़ोरी की है, बल्कि मित्र पूँजीपतियों के भी वारे न्यारे करवाए हैं। टैक्स बढाने से पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई और गरीबों, मध्यम वर्ग और नौकरीपेशा लोगों की जेब पर डाका डाला गया है। बीते एक साल में कच्चा तेल 35 प्रतिशत सस्ता हो चुका है, मगर पेट्रोल-डीज़ल के दाम नहीं घटाए गए हैं।÷ कांग्रेस नेता ने कहा ÷सरकारी और प्राइवेट तेल कंपनियों को पेट्रोल-डीज़ल बेचने पर 10 रुपए प्रति लीटर से ज्यादा का मुनाफा हो रहा है। इसके बावजूदजनता को राहत नहीं दी जा रही है। क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार देश की तीन सरकारी तेल कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल को मौजूदा वित्त वर्ष मे एक लाख करोड़ रुपये के करीब ऑपरेटिंग प्रॉफिट होने का अनुमान है जो बीते वर्ष के 33 हजार करोड़ रुपए से तीन गुना है। पहली तिमाही में भी उनके रिफाइनिंग मार्जिन में इजाफे का अनुमान है। यदि सरकारी कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं तो प्राइवेट कंपनियों को भी यह भारी लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा इस सरकार के कार्यकाल में औसतन कच्चे तेल की कीमत 65 डॉलर प्रति बैरल से कम रही है। पिछले तीन महीने से भी लगातार 70-80 डॉलर के बीच में रही लेकिन जनता के लिए पेट्रोल, डीज़ल के दाम कम नहीं किए जा रहे हैं। देश के अधिकतर हिस्सों में पेट्रोल 100 रुपए प्रति लीटर से ज्यादा और डीज़ल 90 रुपए के ऊपर हैं। सरकार ने देश को महंगाई में झोंक रखा है। सब्जी, फल, मसाले समेत अन्य चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। सरकार जनता को कोई राहत देने की बजाय मुनाफाखोरी कर रही है।' श्री रमेश ने कहा 'केंद्र सरकार यदि देश में बढ़ रही महंगाई से राहत देना चाहे तो पेट्रोल और डीज़ल के टैक्स बंद कर पेट्रोल और डीज़ल के मूल्यों को 25-30 रुपए प्रति लीटर कम कर सकती है। सरकार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्यों में आई कमी के अनुरूप पेट्रोल- डीज़ल के मूल्यों को 35 प्रतिशत कम करनी चाहिए, ताकि देश की जनता को कमर तोड़ महंगाई से कुछ राहत मिल सके।'

## दिल्लीवासी इस सप्ताह लेंगे साफ हवा में सांस, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा की वायु सबसे साफ

**नई दिल्ली।** राजधानी में रहने वाले लोगों ने साफ हवा में सांस ली। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 65 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने यह जानकारी दी। सोमवार को भी वायु गुणवत्ता संतोषजनक रहने की संभावना है। इस दौरान आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की बूंदाबांदी के भी आसार हैं।

बारिश और मौसम की वजह से पर्यावरण साफ है। इससे लोगों को सप्ताह भर स्वच्छ वायु प्राप्त होगी। दरअसल दूसरे राज्यों के साथ दिल्ली में भी रुक-रुककर बारिश हो रही है जिससे हवा की गुणवत्ता में काफी सुधार आया है।




वहीं, हवा उत्तर पश्चिम दिशा में 10-18 प्रति किलोमीटर चल सकती है। सीपीसीबी के अनुसार अगस्त माह के पहले सप्ताह में भी हवा की स्थिति संतोषजनक रहने का अनुमान है। दिल्ली-एनसीआर में सबसे साफ हवा ग्रेटर नोएडा की दर्ज की गई। जुलाई माह में हो रही बारिश व हवाओं के कारण सुधार देखा जा रहा है। दिल्ली में भी लंबे समय के बाद सुधार देखा गया है। अगर दिल्ली एनसीआर के इलाकों की बात करें तो फरीदाबाद में एक्यूआई 51, गाजियाबाद में 64, ग्रेटर नोएडा में 50, गुरुग्राम में 62 और नोएडा में 61 दर्ज किया गया।

# रामकथा अभेद्य भारत का संपूर्ण रूप है: जगतगुरु रामभद्राचार्य

## मोदी और योगी ही बनायेंगे श्री राम के सपनों का भारत: जगतगुरु

**गौतम बुध नगर।** श्री हनुमान सेवा न्यास और श्रीराम राज फाउंडेशन द्वारा जगतगुरु रामभद्राचार्य द्वारा नोएडा स्टेडियम में संचालित श्री रामकथा का चौथा दिन श्याम 5 बजे से प्रारंभ हुआ । चौथे दिन भी भजनों से श्रोता राम मय होकर जय श्री राम के नारों से उद्घोष करते रहे ।आज मंच गुरु जी के पहुँचने पर गहमागहमी बनी रही , नोएडा के विधायक पंकज सिंह प्रारंभिक पूजा में शामिल हुए और श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरुजी के पवित्र कथा के लिए नोएडा का चयन करने के लिए धन्यवाद किया । मीडिया प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया की आज जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



कृष्णमोहन अग्रवाल जी के साथ कई गणमान्य लोगो ने कथा में आगमन किया ।जगतज्ञरु ने कथा को आगे बढ़ाते हुए कहा की भगवान राम ने राष्ट्र के प्रमुख पदों पर राष्ट्र के मूल निवासियों को ही बैठेंने का संदेश दिया ।भगवान राम ने कभी भी राष्ट्र के किसी व्यक्ति को जाती धर्म के आधार पर न्याय में भेद नहीं किया इसलिए आज तक किसी राष्ट्र के लिए रामराज्य की परिकल्पना ही





सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है ।राम की चौपाइयों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया ।आज पूरा पंडाल भर गया और क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं के पहुँचने पर आयोजक ने पंडाल में स्वयंसेवकों के माध्यम से बैठने की अतिरिक्त व्यवस्था की ।एक बार अयोध्या कुमार के नाम पर पूरा पंडाल नृत्य पर झूमने लगा ।जगतगुरु ने राष्ट्र को सचेत किया की मोदी योगी इस समय राम राज की परिकल्पना के अनुरूप कार्य कर रहे हैं अतः देश को इनका साथ देना चाहिए ।देश में अब तक इतना बड़ा काम नहीं हुआ जो जो मोदी योगी ने कर के दिखा दिया ।अयोध्या पर जगतगुरु ने कहा की शुभ मुहूर्त पर भगवान राम लला की प्रस्थापना की जाये क्योंकि राम का मतलब है रा से राष्ट्र और म से मंगल अतः बिना राम के राष्ट्र का मंगल नहीं हो सकता ।

### संक्षिप्त डायरी

## रेयान स्कूल की धोखाधड़ी के विरोध में काली पट्टी बांध किया प्रदर्शन। चौधरी प्रवीण भारतीय




**ग्रेटर नोएडाः** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर बीटा-1 स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा दाखिले एवं ट्यूशन फीस में 50% छूट देने के नाम पर सैकड़ों अभिभावकों के साथ की गई धोखाधड़ी लूट एवं भ्रष्टाचार की सक्षम एजेंसी से जांच एवं जल्द से जल्द इस प्रकरण का खुलासा करने की मांग को लेकर अभिभावकों ने करप्शन फ्री इंडिया संगठन के बैनर तले अपनी बाजुओं पर काली पट्टी बांधकर सूरजपुर जिला मुख्यालय प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित पत्र एसडीएम वेदप्रकाश पांडे को सौंपा ।करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय और आलोक नागर ने बताया कि 2022- 23 सत्र में अभिभावकों ने अपने बच्चों का दाखिला रेयान इंटरनेशनल स्कूल में 50% छूट के आधार पर कराये थे। 50% छूट लगभग 3 महीने तक दी उसके बाद ट्यूशन फीस को 100% बढ़ा दी गई। फीस माफी के नाम पर स्कूल के अध्यापकों ने अभिभावकों से अवैध तरीके से मोटी रकम वसूली थी। चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि अभिभावकों को बच्चों के टेस्टों के भी अंक नहीं दिखाए गए हैं एमसीबी एप से भी नहीं जोड़ा गया है यानी कि स्कूल में बच्चों की पढ़ाई के संबंधित कोई भी जानकारी हमको नहीं मिलती। संगठन के जिला अध्यक्ष प्रेम प्रधान ने कहा कि इस प्रकरण में स्कूल की प्रधानाचार्य एवं स्टाफ की मिलीभगत से अभिभावकों के साथ दाखिले के नाम पर धोखाधड़ी लूट एवं भ्रष्टाचार किया गया है इसकी भी जांच किसी सक्षम एजेंसी से कराई जाए ।प्रदर्शन के दौरान- संस्थापक सदस्य आलोक नागर,प्रदेश अध्यक्ष बलराज हूण, मास्टर दिनेश नागर प्रेम प्रधान एडवोकेट अनिल भाटी रिंकू बैसला सतेन्द्र कपासिया सुंदर प्रजापति विपिन चौहान फतेह सिंह सतेन्द्र चौधरी सन्दीप सुनील शर्मा सरवन नागर गौरव नागर अजय नागर आदि लोग मौजूद रहे।

## अम्बर पैलेस मे सूर्यवंशी सैनी युवा समिति के तत्वाधान मे सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया




**मुजफ्फरनगरः** खतौली प्राप्त जानकारी के अनुसार खतौली नगर के अम्बर पैलेस मे सूर्यवंशी सैनी युवा समिति के तत्वाधान मे सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया !कार्यक्रम मे उद्धघाटन कर्ता अशोक कुशवाहा ( भूतपूर्व कप्तान भारतीय हॉकी टीम ) रहे व कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी बनारसीदास सैनी ने की ! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चरण सिंह सैनी( भावी लोकसभा प्रत्याशी ), श्रीमती बाला सैनी व विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक विक्रम सैनी, सुधीर सैनी, श्यामलाल बच्ची सैनी रहे !कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि ने अपने वक्ता मे कहा कि हमे हर हॉल मे अपना समाज मजबूत करना है ओर हम सभी को राजनीति मे भी हिस्सा लेना चाहिए !कार्यक्रम मे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर छात्र, छात्राओं को सम्मानित किया! स्वागत समिति मे राजू सैनी बुवाड़ा, ब्रजपाल सैनी (मुखिया) धर्मेंद्र सैनी, रामचंद्र सैनी (एडवोकेट ),सूर्यवंशी सेना के संस्थापक अनुज सैनी,अध्यक्ष सचिन सैनी,सोनू सैनी, प्रभात सैनी, विकास सैनी,व कोषाध्यक्ष आकाश सैनी ( एडवोकेट ) रहे ! कार्यक्रम के अंत मे चरण सिंह सैनी भावी लोकसभा प्रत्याशी के आने वाले 2024 के चुनाव लड़ने की आपस मे सहमति बनायी गयी व मंत्री स्वतंत्रदेव के बयान की निंदा की गयी व सैनी समाज को मजबूत बनाने पर बल दिया

## भूमाफि यों की मिलीभगत से हो रहा अवैध निर्माण के जरिए अरबों खरबों का खेल

**नोएडा।** चौधरी बीसी प्रधान राष्ट्रीय महामंत्री भाकियू भानु ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ से अवेध निर्माण को लेकर लगाई गुहार । प्रधान ने नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए बताया कि नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी व भूमाफि या की मिलीभगत से बरौला और सिलारपुर में भ्रष्ट अधिकारियों के संरक्षण में हो रहा अवैध निर्माण के जरिए अरबों खरबों का खेल ! अगर किसान अपनी जमीन पर कही पर भी कोई निर्माण कार्य करता है तो प्राधिकरण का बुलडोजर तुरंत वहाँ पहुँच जाता है ? लेकिन यहाँ नहीं पहुँचता । तथाकथित शत्रु संपत्ति पर भी खुलेआम बन रहे हैं कॉम्प्लेक्स और ग्रुप हाउसिंग सोसायटी, महर्षि आश्रम ट्रस्ट की



भूमि पर भी हो रही अवैध प्लाटिंग,आदरणीय आपके द्वारा अवैध कब्जा करने और अवैध निर्माण के विरुद्ध युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे अभियान के बावजूद भ्रष्ट अधिकारियों और भू माफियाओं का गठजोड़ बेखौफ होकर दिन रात निर्माण कराने में व्यस्त हैं। नोएडा क्षेत्र के बरौला गांव के पास स्थित हनुमान मूर्ति के आसपास शत्रु संपत्ति, कृषि भूमि पर ग्रुप हाउसिंग और बड़े-बड़े काम्पलेक्स का अवैध रूप से निर्माण कार्य खुलेआम चल रहा है। जानकार सूत्रों से तो यह भी पता चला है कि बरौला गांव की कुछ भूमि एक्ट 1968 के तहत घोषित शत्रु संपत्ति बताई जा रही है। कुछ दिन पहले डीएम सहाब द्वारा भी इसकी जाँच करवाई थी इस पर चल रहे अवैध निर्माण को शत्रु संपत्ति घोषित कर निर्माण बंद करा दिया था जिसको कुछ पत्रकार बंधुओं ने अखबार में प्रकाशित भी किया था और सभी काम बंद करवा दिये थे लेकिन अब उक्त तथाकथित शत्रु संपत्ति/कृषि भूमि पर अवैध निर्माण कार्य जोर शोर से चल रहा है। क्योंकि जांच का विषय यह भी है कि अगर यह शत्रु संपत्ति नहीं है तो क्या नोएडा प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र से बाहर है ? लोगों का संशय दूर करने के लिए नोएडा प्राधिकरण और जिला प्रशासन को जांच कराकर पहल करनी चाहिए अन्यथा दूसरे लोगों द्वारा भी इसका दृष्टांत देकर अवैध निर्माण कार्य करना स्वाभाविक है। नोएडा प्राधिकरण क्षेत्र में तथाकथित शत्रु संपत्ति पर, कृषि भूमि पर और महर्षि आश्रम ट्रस्ट भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण और बसाई जा रही अवैध कालोनी कटवाने में नोएडा प्राधिकरण व प्रशासन के अधिकारियों की भूमिका बताई जा रही है जिन्होंने इस तरह किए जा रहे अवैध निर्माण और बसाई जा रही अवैध कालोनियों के बदले करोड़ों रुपए की काली कमाई से नामी बेनामी और चल अचल अकूत संपत्ति अर्जित कर ली है। इनके जाल में कुछ भोले भाले लोग भी फँस जाते हैं । कृपया इसकी जाँच कर उचित कार्रवाई करने की कृपा करें ।

## अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के ऐतिहासिक दिवस 9 अगस्त को जिला कलेक्ट्रेट सुरजपुर पर ट्रेंड यूनियनें करेंगी धरना



**ग्रेटर नोएडा,।** नोएडा, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, निजी करण- निगमीकरण एवं भाजपा सरकार की मजदूर- किसान, कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों के खिलाफ "अंग्रेजों भारत छोड़ो" आंदोलन के ऐतिहासिक दिवस 09 अगस्त 2023 को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी संगठनों के संयुक्त आह्वान पर देश भर में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन/ महापड़ाव किया जाएगा। उक्त आह्वान के तहत जनपद गौतम बुद्ध नगर में इंटक, एटक, एच. एम. एस., सी. आई. टी. यू., ऐक्टू, यू. टी. यू. सी., टी. यू. सी. आई., एल. पी. एफ. आदि संगठन 9 अगस्त 2023 को प्रातः 11:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर धरना/ महापड़ाव करने का निर्णय लिया है। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने/ तैयारी के लिए आज सीटू जिला सचिव मंडल की बैठक सीटू कार्यालय भंगेल नोएडा पर जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिला महासचिव रामसागर ने होने वाले महापड़ाव व उसकी मांगों को रेखांकित करते हुए सीटू पदाधिकारियों से 9 अगस्त 2023 को डीएम कार्यालय सूरजपुर पर होने वाले ट्रेड यूनियनों के संयुक्त महापड़ाव को सफल बनाने और ज्यादा से ज्यादा मजदूरों- कर्मचारीयों को महापड़ाव में शामिल करने की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में सीटू जिला सचिव मंडल सदस्य रामसागर, गंगेश्वर दत्त शर्मा, मुकेश कुमार राघव, पूनम देवी, लता सिंह, राजकरण सिंह, हुकुम सिंह, मोहम्मद फिरोज,। रामस्वारथ आदि उपस्थित रहे।

## ग्रेनो एक्सप्रेसवे पर ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचला

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर हिंडन पुल के पास बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को कुचल दिया और भाग गया। हादसे में घायल एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके दोस्त का इलाज चल रहा है। उसके पैर में फ्रैक्चर हुआ है। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नॉलेज पार्क कोतवाली प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि 26 जुलाई को आगरा के रहने वाले दोजी राम उर्फ दीपक और उसका दोस्त कपिल बाइक से दिल्ली जा रहे थे। एक्सप्रेसवे पर हिंडन नदी के पुल के पास तेज गति से जा रहे ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां दीपक की गंभीर हालत देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई। इस मामले में दीपक के पिता देवी सिंह ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी ट्रक चालक की तलाश में जुटी है।

## भा कि यू अंबावता संगठन के जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर बने अनिल नागर

**गौतम बुध नगर।** जिसमें दादरी तहसील अध्यक्ष किसान नेता राजकुमार रूपबास ने बताया कि,कल दिनांक 30 जुलाई दिन रविवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि पाल अंबावता जी के आदेश अनुसार अनिल नागर निवासी दुजाना को अपने निवास स्थान फरीदाबाद सेक्टर 19 पर मनोनीत पत्र देकर गौतम बुद्ध नगर का जिला अध्यक्ष बनाया गया अंबावता संगठन के सभी पदाधिकारी अनिल नागर को जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध बनाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिपाल अंबावता जी का आभार



व्यक्त किया जिला अध्यक्ष अनिल नागर,का कहना है कि जो जिम्मेदारी मुझे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने दी है मैं उसको पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाऊंगा,क्योंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का निर्णय सामान्य है और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिपाल अंबावता जी का कहना है कि जो जिलाध्यक्ष का काम है वह जिलाध्यक्ष देखे जो तहसील अध्यक्ष का काम है वह तहसील अध्यक्ष देखे जो ब्लॉक अध्यक्ष का काम है ब्लॉक अध्यक्ष देखें जिले के अंदर जो पदाधिकारी प्रोटोकॉल से नहीं चलेगा उसे पर एक्शन लिया जाएगा इसीलिए सब अपने-अपने पद पर अंबावता संगठन को आगे बढ़ाते हुए संगठन,का विस्तार करें संगठन को मजबूत करें क्योंकि अंबावता संगठन एक गरीब बेसहारा मजदूर किसान का संगठन है किसान की आवाज को उठाना हमारा हमारे सभी पदाधिकारी को कर्तव्य बनता है क्योंकि हमारा एक ही कहना है हर चीज बर्दाश्त है लेकिन किसी भी गरीब आदमी का किसान का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं है और आने वाली 10 अगस्त को लखनऊ में एक महापंचायत होने जा रही है जिसमें हजारों की संख्या में लोग दूसरे संगठनों को छोड़कर अंबावता संगठन ज्वाइन करेंगे मनोनीत पत्र देने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिपाल अंबावता जी अनिल नागर दुजाना जिला अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर अजब सिंह अंबावता प्रवीण अंबावता सोनू अंबावता विकास जतन, प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र भाटी आदि पदाधिकारी मौजूद थे

## सेंट हूड कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों ने लिया प्रकृति के सौंदर्य का आनंद



**गौतम बुध नगर।** विधा नगर दादरी स्थित सेंट हुड कॉन्वेंट स्कूल आज बच्चों को प्रकृति की सुंदरता देखने का मौका मिला। यह मौका बच्चों को और कहीं नहीं अपने ही विद्यालय के पार्क में प्रकृति की सुंदरता को देखने का मौका मिला।" प्रकृति की हर एक चीज हमारे लिए बेहतर शिक्षक है वह हमे जीवन के बारे में बहुत कुछ सिखाती है जितना हम किताबों में कभी नहीं सीख पाते" विद्यालय के पार्क में बच्चों ने प्रकृति की सुंदरता का भ्रमण किया व उन्होने भिन्न भिन्न प्रकार के पेड- पौधे के नाम जाने व बच्चो ने उनके फायदे भी जाने ,बच्चों ने आज प्रकृति सौंदर्य के साथ-साथ अपनी खेल प्रतिस्पर्धा को भी दिखाया। उन्होनें म्यूजिकल चेयर ,शतरंज, वॉलीबॉल ,दौड़ आदि का आनंद लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉक्टर आशा शर्मा जी ने भी बच्चों के साथ सभी कार्यक्रम में भागीदारी की । बच्चों के साथ शतरंज म्यूजिकल चेयर ,नेचर वॉक करते हुए बच्चों का उत्साह बढाया। यह सारा कार्यक्रम विद्यालय के प्राथमिक विंग के समन्वयक दिव्या गोले एवम एक्टिविटी प्रभारी रीना वत्स द्वारा अयोजित किया गया।

# संजय भाटी ने "भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान" के तहत गली-गली जाकर लोगों को किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा।** गौतमबुद्धनगर। समाज सेवी संजय भाटी के आह्वान पर आज देवला गांव में "भ्रष्टाचार मुक्त भारत अभियान" के तहत दिन भर गांव के गणमान्य लोगों ने गली-गली जाकर लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया। इस अभियान की शुरूआत समाजसेवी संजय भाटी ने सुबह सूरज निकलने से पहले ही ग्राम वासियों के दरवाजे खटखटा कर उन्हें नींद से जागा कर अभियान में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। जिसके चलते शाम होते श्री संजय भाटी के साथ जन सलाब उमड़ पड़ा। इस अभियान में शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था एवं गांव के विकास कार्यों पर भी ग्रामीणों के साथ चर्चा की गई। जिसके चलते गांव के सैकड़ों युवाओं ने सुबह से शाम तक चलने वाले जागरूकता अभियान में हिस्सा लिया। इस अभियान में सरकारी शराब के ठेकों पर होने वाली ओवर



रेटिंग व अन्य अनियमितताओं का भी एक बड़ा मुद्दा रहा। इसके लिए शाम चार बजे से पूरे गांव में समाजसेवी संजय भाटी के साथ अभियान में शामिल लोगों द्वारा पर्चे बांटे गए। शराब की ओवर रेटिंग को लेकर चलाए गए अभियान में जिला आबकारी अधिकारी श्री सुबोध कुमार के प्रतिनिधि के रूप में क्षेत्रीय आबकारी श्री चन्द्रशेखर अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। आबकारी निरीक्षक चन्द्रशेखर ने गांव के लोगों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान से जुड़े पर्चे बांटे। इन पर्चों पर गौतमबुद्धनगर के आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार के मोबाइल नंबर के अलावा जिले के सभी सातों क्षेत्रों के आबकारी निरीक्षकों के मोबाइल नंबर क्षेत्र वार लिखें हुए हैं। पर्चों के अलावा समाजसेवी संजय भाटी ने शराब के उपभोक्ताओं/खरीददारों से ओवर रेटिंग को रोकने की अपील करते हुए कहा कि शराब के उपभोक्ता/ग्राहक स्वयं अपने अधिकारों को समझते हुए। ओवर रेटिंग करने वाले सेल्समैनों की वीडियो बनाकर पर्चे व विजिटिंग कार्ड में दिए गए आबकारी विभाग के अधिकारियों के नंबरों के साथ-साथ विभाग के उच्च अधिकारियों के ट्विटर पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। इस अभियान में शराब ठेकों के पास खड़े शराब के शौकीनों (खरीददारों) ने बहुत सराहना की और अभियान कताओं का आभार जताया। शराब के खरीदारों में इस अभियान को लेकर एक उत्साह देखने को मिला। आबकारी निरीक्षक श्री चन्द्रशेखर ने भी लोगों को इस अभियान से जुड़ने का आव्हान किया। उन्होंने लोगों से कहा कि जन-सामान्य द्वारा की गई शिकायतों पर आधा घंटे में मौके पर पहुंच कर कार्रवाई की जाएगी। अभियान कर्ता सरकारी शराब के ठेकों पर होने वाली ओवर रेटिंग को लेकर बहुत ही उत्साहित हैं। उत्साह के साथ मुख्य अभियान कर्ता संजय भाटी के सामने सेल्समैनों ने भी दांए-बांए से अपने कम वेतन को लेकर ओवर रेटिंग करने की अपनी मजबूरी का हवाला दिया। संजय भाटी सेल्समैनों की समस्या को भी गंभीरता से ले रहे हैं। इसी के साथ अभियान कर्ता संजय भाटी ने बताया कि यह अभियान आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ पूरे जिले में चलाया जाएगा। इस अभियान में आबकारी निरीक्षक चन्द्रशेखर व मुख्य अभियान कर्ता संजय भाटी के अलावा मनोज कुमार, अरुण कुमार, सत्येन्द्र शर्मा, देवराज नागर, अभय सिंह, इसरार अहमद, इमरान खान, अजीत सिंह, कपिल गुर्जर, रिंकू, धीरज, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, डॉ मिथलेश पांडेय आदि सैकड़ों ग्रामीणों और प्रवासी लोगों ने हिस्सा लिया।

## खंभों पर केसरिया, सफेद व हरे रंग में लगाई जा रहीं लाइटें



**जगाधरी।** देश की आजादी के पर्व से पूर्व ही जगाधरी शहर भी तिरंगा लाइटों की रोशनी से जगमगाने लगा है। इसे लेकर नगर निगम युद्ध स्तर पर कार्य कर रहा है। निगम की मुहिम को जनता भी सराह रही है। जगाधरी-पांवटा हाईवे, जगाधरी रेलवे रोड, अग्रसेन चौक से बस अड्डा रोड आदि पर स्ट्रीट लाइट के खंभों पर तिरंगा लाइट लग गई हैं। दूसरे मार्गों पर भी यह कार्य चल रहा है। पुराने नेशनल हाईवे पर भी यह लाइटें लगाने का काम चल रहा है। मेयर मदन चौहान व निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर यह कार्य किया जा रहा है। 15 अगस्त से पहले शहर के सभी मुख्य मार्ग तिरंगा लाइटों से जगमग होंगे। गौरतलब है कि गत वर्ष भी ऐसे ही नगर निगम की ओर से आजादी के 75वें अमृत महोत्सव पर तिरंगा लाइट लगाई गई थीं। इस बार अधिक से अधिक स्थानों पर तिरंगा लाइट लगाने की योजना है। स्ट्रीट लाइट के खंभों पर केसरिया, सफेद व हरे रंग में तिरंगा लाइटें लगाई जा रही हैं। मेयर मदन चौहान का कहना है कि इनसे देशभक्ति का जज्बा और बढ़ेगा। समाजसेवी आशीष मित्तल, पूर्व पार्षद राजेश सचदेवा, पंकज कुमार, बलवींद्र सिंह, प्रवीण शर्मा आदि का कहना है कि नगर निगम की मुहिम बहुत सराहनीय है। उनका कहना है कि जहां पर यह लाइटें लग चुकी हैं, वहां पर रात का नजारा बड़ा ही मनमोहक होता है।

### हरियाणा में अब मिलावटखोरों पर कसेगा शिकंजा

# पंचकूला समेत 21 जिलों में खुलेंगी लैब, लोग 20 रुपय में करा सकेंगे खाद्य सामग्री की जांच

**चंडीगढ़।** अगर आपको बाजार से खरीदकर लाई गई किसी खाद्य सामग्री की शुद्धता पर शक है तो अब आप इसकी अपने स्तर पर जांच करा सकेंगे। इसके लिए दूसरे जिलों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। न ही मोबाइल लैब का इंतजार करना पड़ेगा। इसके लिए हरियाणा के 16 जिलों में मिनी लैब व 5 जिलों में बड़ी लीगल लैब जल्द बनाई जाएंगी। इनमें 20 रुपए देकर खाद्य सामग्री की शुद्धता की जांच करा सकेंगे। इससे लोग मिलावटखोरों पर नजर रखते हुए उन पर शिकंजा कस सकेंगे। करनाल में पहले से लीगल लैब स्थापित है। फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट ने नई लैब का प्रस्ताव बनाकर सरकार को भेज दिया है। वहां से मंजूरी मिलते ही लैब खोलने का काम शुरू कर दिया जाएगा। जिलों में लैब शुरू होने पर लोग खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर खुद जांच करा सकेंगे। हालांकि, सैंपल रिपोर्ट को लेकर कोई कानूनी कार्यवाही नहीं कर पाएंगे। लेकिन, सैंपल फेल मिलता है या खाद्य सामग्री अशुद्ध मिलती है तो जिले में एफएसओ (खाद्य सुरक्षा अधिकारी) से संपर्क कर संबंधित प्रतिष्ठान यानी जहां से खाद्य सामग्री खरीदी थी, वहां कार्यवाही के लिए कह सकेंगे।

**एफएसओ के सैंपलों की जांच लीगल लैब में होगी-** ये लैब खुलने के बाद प्रदेश के सभी 22 जिलों में लैब हो जाएंगी। 16 मिनी लैब आम आदमी के लिए ही रहेंगी। मिनी लैब में दो से तीन कर्मचारियों का स्टाफ होगा। वहीं, लीगल लैब में खाद्य सुरक्षा अधिकारी (एफएसओ) की ओर से लिए गए सैंपलों की जांच की जाएगी। हालांकि, लीगल लैब में आम आदमी के लिए खाद्य सामग्री की जांच को लेकर अलग से डेस्क बनाने की योजना है। 45 में से सिर्फ 18 एफएसओ, इनमें 15 एमबीबीएस या वेटरनरी सर्जन ॅ फूड एंड ड्रग



डिपार्टमेंट के पास अभी स्टाफ की भारी कमी है। 45 पदों के मुकाबले 18 एफएसओ काम कर रहे हैं। इनमें विभाग के एफएसओ की संख्या सिर्फ तीन है। बाकी एमबीबीएस और पशु चिकित्सकों को डेपुटेशन पर लगाया हुआ है। जो सैंपल भर रहे हैं। कुछ भर्तियां अटकी हुई हैं। अब नई लैब बनेगी तो कर्मचारियों की भी भर्ती होगी। दो लैब हैं, सालभर में 3500 सैंपल लिए जा रहे, रिपोर्ट में हो रही देरी ॅ फूड एंड ड्रग डिपार्टमेंट की अभी दो लैब हैं।

एक चंडीगढ़ तो दूसरी करनाल में है। सालभर में खाद्य सामग्री के करीब 3500 सैंपल लिए जा रहे हैं। इनमें 20त्न से ज्यादा सैंपल में खाद्य सामग्री मानकों पर खरी नहीं उतर रही। यानी खाने लायक नहीं मिलती। सितंबर से नवंबर तक त्योहारी सीजन में मिलावटखोर ज्यादा सक्रिय होते हैं। ज्यादातर दूध और दूध से बने पदार्थों में मिलावट मिलती है। अभी विभाग के पास 5 मोबाइल लैब हैं। इनका जिला वाइज शेड्यूल होता है। इनके चले जाने के बाद जांच नहीं करा पाते हैं। लैब कम होने से रिपोर्ट में 6 महीने से भी ज्यादा लग जाते हैं।

**16 जिलों में मिनी और 5 में बड़ी लीगल लैब बनेंगी**

राज्य के पंचकूला, यमुनानगर, कैथल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, सोनीपत, सिरसा, फतेहाबाद, जींद, भिवानी, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, चरखी दादरी, कैथल जिले में मिनी लैब खुलेंगी। वहीं, गुड़गांव, फरीदाबाद, अम्बाला, रोहतक, हिसार में बड़ी लीगल लैब बनेंगी। करनाल में पहले से लीगल लैब है। प्रत्येक मिनी लैब पर 20 से 25 लाख का खर्च आने का अनुमान है। बड़ी लीगल लैब पर खर्च करोड़ों रुपए में आएगा।

**फायदे- सैंपलिंग बढ़ने से मिलावटखोरों में खौफ होगा**

अगर खाद्य सामग्री की जांच के लिए लैब पास में होंगी तो सैंपलों की संख्या बढ़ेगी। इससे मिलावटखोरों पर शिकंजा कस सकेगा।

जांच में पता लगेगा कि किस खाद्य सामग्री में क्या गड़बड़ी की गई है। मिलावटी सामान खाने से बच सकेंगे।

प्रदेश के हर जिले में लैब होने से खाद्य सामग्री की जांच रिपोर्ट भी जल्द मिलेगी। मिलावटखोरों के खिलाफ शिकायत जल्द होगी।

## करनाल में लड़की प्रेमी के साथ भागी, 4 लाख कैश भी ले गई साथ, 3 भाई-बहनों में सबसे छोटी



**करनाल।** हरियाणा में करनाल जिले में एक लड़की अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। युवती घर से 4 लाख कैश भी लेकर गई है। परिजनों ने आस-पास के एरिया में उसकी काफी तलाश की, लेकिन युवती को कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों को आरोप है उनकी लड़की को कोई अज्ञात लड़का बहला फुसला कर अपने साथ लेकर गया है। सदर थाना पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है।

**3 भाई बहनों में सबसे छोटी थी बेटी**

पुलिस को दी शिकायत में पिता ने बताया है कि उसके 3 बच्चे हैं। 2 लड़कियां और एक लड़का, जिनमें से सबसे छोटी की उम्र 18 वर्ष है और वही घर से कहीं चली गई है।

**29 जुलाई की आधी रात को गई थी**

सदर थाना के जांच अधिकारी SI मनदीप सिंह ने कहा कि युवती 29 जुलाई की आधी रात करीब 12 बजे लड़की घर छोड़ कर गई। परिजन एक युवक पर शक जता रहे हैं, लेकिन युवक कौन है और कहां का रहने वाला है, इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। अगले दिन रविवार शाम को उन्हें शिकायत मिली थी।

**अलमारी में रखे थे 4 लाख रुपए**

पिता ने शिकायत में बताया है कि 4 लाख कैश अलमारी में रखा था। पहले तो वे अपनी लड़की को आस-पास के एरिया और रिश्तेदारियों में ढूंढते रहे। कहीं लड़की घर से कुछ लेकर तो नहीं गई, इसी अंदेशे के चलते जब उन्होंने अलमारी चैक की तो कैश गायब मिला। उन्हें यह समझते देर नहीं लगी कि लड़की किसी के साथ गई है।

## जो पुरानी पेंशन बहाल करेगा वही प्रदेश पर राज करेगा : संघर्ष समिति



**चरखी दादरी।** पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने स्पष्ट किया कि जो पुरानी पेंशन बहाल करेगा वहीं प्रदेश पर राज करेगा। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री को चेतावनी दी कि पुरानी पेंशन बहाल करें या फिर सत्ता छोड़ने को तैयार रहें। अब कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर पीछे नहीं हटेंगे और आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। यह बात पुरानी पेंशन बहाली संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष बिजेंद्र धारीवाल ने दादरी रोडवेज ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित कर्मचारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान सरकारी विभागों के कर्मचारियों ने एकजुट होकर अपना हक पाने का संकल्प लिया। साथ ही आगामी दिनों में आर-पार की लड़ाई को लेकर जनसंपर्क कर आंदोलन करने का निर्णय लिया। धारीवाल ने कहा कि एक अक्तूबर को दिल्ली में बड़ी रैली कर सरकार को आईना दिखाएंगे। साथ ही कहा कि सरकार पुरानी पेंशन बहाल करें या फिर सत्ता छोड़ने को तैयार रहें। अगर सरकार ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली नहीं की तो हरियाणा की मौजूदा सरकार का सत्ता परिवर्तन कर देंगे। इस अवसर पर ताराचंद छिल्लर, शिवकुमार गोयल, अशोक डीपीई, राजेश रावलधी, रोशन लाल, शमशेर सांगवान, ललित, सुरेंद्र फौगाट इत्यादि मौजूद रहे।

## सब इंस्पेक्टर रोशन लाल को रोटरी क्लब इंटरनेशनल संस्था की ओर से किया गया सम्मानित

### राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि की कार्यक्रम में शिरकत

**कैथल।** रोटरी इंटरनेशनल क्लब की ओर से अम्बाला में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अपनी जान जोखिम में डालकर मुश्किल घड़ी में समाज की सेवा करके रियल हीरो की भूमिका निभाने वाले हरियाणा पुलिस में सब इंस्पेक्टर (महेश नगर पुलिस स्टेशन) रोशन लाल प्रजापति को राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में एसपी अंबाला द्वारा कुल 16 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का चयन किया था जिसमें रोशन लाल सब इंस्पेक्टर को भी निस्वार्थ भाव से और ड्यूटी के साथ-साथ समाजसेवक की भूमिका निभाने के लिए और बाढ़ ग्रस्त लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए जो कार्य किया है, उसके लिए सम्मानित किया गया। सब इंस्पेक्टर रोशन लाल ने रोटरी क्लब इंटरनेशनल संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की सामाजिक संस्था से सम्मान पाकर उनके कार्य करने की क्षमता



और ऊर्जा ब?ती है। उन्होंने कहा कि वैसे तो पुलिस विभाग का नारा सेवा, सुरक्षा व सहयोग है जिसको प्रत्येक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर निभाता है परंतु कुछ ऐसे क्षण होते हैं जिसमें जान की बाजी भी लगानी पड़ती है परंतु सेवा, सुरक्षा व सहयोग के लिए हमारे कदम पीछे ना हटें और हम निरंतर आगे बढ़ते जाएं इसके लिए इस प्रकार की सामाजिक संस्थाएं निरंतर मनोबल बढ़ाने का कार्य करती हैं। उन्होंने सभी आयोजकों और मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया सब इंस्पेक्टर रोशनलाल ने अम्बाला के पुलिस अधीक्षक का विशेष आभार व्यक्त किया जिसमें उन्होंने असली पात्र पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित करने के लिए उनका चयन किया है और इसके काबिल समझा है।

## युवा सम्मान समारोहः देवा सोसायटी ने 50 मेधावियों को किया सम्मानित

**सोनीपत।** देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर की ओर से रविवार को शहर की नई अनाज मंडी में 5वां युवा सम्मान समारोह में बोर्ड परीक्षा-2023 में सर्व श्रेष्ठ रहे 50 छात्र-छात्राओं को स्कूटी, टैब, स्मार्टफोन व साइकिल के साथ प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। बतौर मुख्यातिथि यूपीएससी टॉपर रहे आईएएस प्रदीप मलिक, आईपीएस कुलदीप सिंह व रेसलर सतेंद्र डागर के साथ सोसायटी के संस्थापक देवेंद्र कादियान मेधावियों को पुरस्कृत किया।

**जनता के लिए संघर्ष को को हर कदम तैयारः देवेंद्र कादियान**-देवा सोसायटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि 5 साल पहले देवा सोसायटी का गठन किया था, तब से लेकर आज तक शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलों को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। जनता को 10 निशुल्क एंबुलेंस सेवा समर्पित की है। गांव में ओपन जिम, मुक्तिधाम में शेड, जरूरतमंद के लिए ई-रिक्शा चलाने निरंतर चल रहे हैं। सोसायटी ने अबकी बार 30 से बढ़ाकर 50 मेधावियों को सम्मानित किया है। इनमें 10 बच्चे सरकारी स्कूल के शामिल है। जनता ने मौका दिया तो गन्नौर की तस्वीर बदल जाएगी।

**अनुशासन, धैर्य, समय प्रबंधन सफलता का मंत्रॅ प्रदीप मलिक**-यूपीएससी में टॉपर रहे आईएएस प्रदीप मलिक ने बच्चों को मूलमंत्र देते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ना है तो लक्ष्य निर्धारित जरूर रखे। तभी सफलता की सीढ़ी पर चढ़ा जा सकता है। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए परिश्रम, अनुशासन, धैर्य एवं समय प्रबंधन के मूल मंत्र को अपनाना जरूरी है। आईपीएस कुलदीप सिंह ने कहा कि समाज अच्छी प्रतिभा वालों की हमेशा से कद्र करता रहा है। पुरस्कृत होने से बच्चों का




मनोबल बढ़ता है। सिद्धार्थ, अक्षित, मोनिका, रियांशी गोयल, अनुसूईया, खुशी यादव, स्नेहा, विशाल, अतुल, कोमल, मीनाक्षी व काजल, काजल, सोनाक्षी को स्कूटी देकर सम्मानित किया गया। खुशी, आकाश, श्रेय, साक्षी, लक्की, नितिका, किरण, पलक, राधिका, कोमल को टैब दिया गया है। कनिष्क जैन, स्नेहा, तनुज, अंजली, कोमल, अंजली, वंश, अमन व मानसी को स्मार्टफोन से सम्मानित किया है। स्वाति, अन्नू, नेहा, सरिता, कोमल, अंशू, मधू, निक्की, कोमल व बेगा से मोहित को स्मार्ट फोन देकर सम्मानित किया। दसवीं कक्षा के मेधावी माही, साक्षी, अशिका, अंकित, कुनाल, अलिशा, लक्की, अर्पिता, ऋतु, अन्नू व सराना से तमन्ना को सोसायटी ने साइकिल से सम्मानित किया।

## रोहतक में युवक से मारपीट लूटपाट, 4 बदमाशों ने 1100 रुपए और फोन छीना, सांपला रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में अधमरा करके फेंका

**रोहतक।** हरियाणा के रोहतक जिले के सांपला क्षेत्र में रविवार देर रात सांपला रेलवे स्टेशन के पास भेलपुरी बेचने वाले युवक के साथ मारपीट और लूटपाट हुई। 4 युवकों ने मारपीट करके 1100 रुपए कैश ओर मोबाइल फोन लूट लिया और अधमरा करके झाड़ियों में फेंक गए। राहगीरों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। घायल को इलाज के लिए सांपला सामुदायिक केंद्र में भर्ती करवाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसको रोहतक PGI रेफर कर दिया है। सांपला चौकी प्रभारी सनी कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मामला GRP पुलिस का है। प्राथमिक सूचना के आधार पर सांपला पुलिस मौके पर पहुंची थी। आगामी कार्रवाई के लिए GRP बहादुरगढ़ पुलिस को सूचना दी गई है।

**किराए के मकान में रहता पीड़ित युवक**

घायल की पहचान विजय पुत्र भीम सिंह निवासी गांव राजपूर जिला खुशी नगर का रहने वाला है। जो इन दिनों लाइन पार देवेंद्र के मकान में किराए पर रहता है। मौके पर पहुंचे सांपला शहर पुलिस चौकी प्रभारी सनी कुमार के अनुसार, लूटपाट की वारदात को 4 अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया है। उन्होंने घायल विजय के साथ बुरी तरह मारपीट की। इसके बाद उन्हें रेलवे लाइन के पास झाड़ियों में फेंक कर फरार हो गए। वहीं राहगीरों द्वारा मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए भेज दिया है।

**शरीर पर तेजधार हथियार से चोट मारी गई**

बताया जा रहा है कि घायल के शरीर पर तेजधार हथियार से चोट के निशान हैं। सिर और शरीर के कई हिस्सों से खून बह रहा था। वहीं लोगों का कहना था कि सांपला रेलवे स्टेशन के पास नशेड़ी किस्म के युवक बैठे रहते हैं और वह इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं।

# अनुसूचित जाति का उध्दार कांग्रेस में ही संभव : डॉ. इंदौरा

**सिवानी मंडी।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेश एससी सेल के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सुशील इंदौरा ने कहा कि समाज के लोगों के हकों की लड़ाई लड़ना तथा समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ना ही उनका मुख्य उद्देश्य है । डॉक्टर सुशील इंदौरा रविवार के दिन शहर की कबीर धर्मशाला में आयोजित अपने सम्मान समारोह के दौरान समाज के लोगों को संबोधित कर रहे थे। समाज के लोगों की ओर से नवनियुक्त एससी सेल के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील इंदौरा का सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। टाटा सुशील इंदौरा के सम्मान समारोह में लोहार विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंचे जिन्होंने उनका जोरदार स्वागत किया इंदौरा के सिवानी पहुंचने पर समाज के लोगों की ओर से रेलवे फाटक हिसार रोड से लेकर बाजार में जुलूस निकालते हुए उनका स्वागत किया गया। कबीर धर्मशाला में आयोजित अपने सम्मान समारोह में समाज के लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर सुशील इंदौरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की ओर से उनको जो जिम्मेवारी दी गई है उसे वह बखूबी निभाने का काम करेंगे वही समाज के लोगों को ऐसी समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि लगातार प्रदेश में





कांग्रेस पार्टी का ग्राफ बढ़ रहा है और आने वाले समय में प्रदेश व देश में परिवर्तन होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता वर्तमान भाजपा जजपा सरकार से पूरी तरह दुखी है और उनको ऑनलाइन के नाम से बार-बार परेशान किया जा रहा है, ऐसे में लोगों ने मन बना लिया है कि प्रदेश में परिवर्तन जरूरी है और यह हकीकत भी है कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में एससी समाज के लोग व बीसी समाज के लोग इस सरकार से ज्यादा दुखी हैं क्योंकि उनको बार-बार किसी ने किसी काम के लिए परेशान किया जा रहा है। दोनों ही समाज के लोग लगातार कांग्रेसी जुड़ रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान एस सी समाज की ओर से उनके लिए किए गए सम्मान समारोह पर उन्होंने समाज का आभार जताया और कहा कि समाज के लोगों ने उनको जो पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया है वह उसका पूरा सम्मान करेंगे और पगड़ी को कहीं झुकने नहीं देंगे। सुशील इंदौरा ने कार्यक्रम के संयोजक चंद्रमा नगर का विशेष तौर पर आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सजन खगनवाल के आवास पर जलपान समारोह में भी भाग लिया। इस मौके पर सतपाल नंबरदार, वेदप्रकाश भेरा,कृष्णा दुग्गल, सज्जन कुमार पिछड़े वर्ग के नेता हनुमान वर्मा सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता व समाज के लोग मौजूद रहे।

## चिराग पब्लिक स्कूल में बच्चों को किया प्रेरित



**नरवाना।** चिराग पब्लिक स्कूल में मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मोटिवेशनल वक्ता चेतन धीमान ने विद्यार्थियों को अपने जीवन में केंद्रित रहने व अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रामायण और महाभारत जैसे ग्रंथों के विभिन्न किरदारों का उदाहरण देकर प्रेरित किया। इसके साथ-साथ उन्होंने अवचेतन मन की शक्ति, मोबाइल फोन के अच्छे-बुरे प्रभाव व संगत का हमारे जीवन में परिणाम इत्यादि बातों के बारे में समझाया। सभी विद्यार्थियों ने उनकी बातों को बड़े ही अनुशासित तरीके से सुना व उन सभी बातों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया। विद्यालय के प्राचार्य रमेश वत्स द्वारा मोटिवेशनल वक्ता चेतन धीमान को सम्मानित कर उनका आभार व्यक्त किया।

## चंडीगढ़ में 2 दिन बारिश के आसार नहीं, 2 अगस्त से फिर खराब होगा मौसम, झमाझम बादल बरसने की चेतावनी



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 दिन मौसम साफ रहेगा। उसके बाद मौसम फिर खराब होगा। 2 अगस्त को हल्की बारिश होने की चेतावनी है। वहीं 3 अगस्त को चंडीगढ़ में भारी बारिश हो सकती है। चंडीगढ़ में रविवार को बारिश नहीं हुई, लेकिन पूरा दिन बादल छाए रहे। चंडीगढ़ के आसपास हल्की-फुल्की बारिश हुई। चंडीगढ़ मोहाली, पंचकूला में अब तक इस महीने 600 मिलीमीअर बारिश हो चुकी है। इस महीने की यह सबसे ज्यादा बारिश है।


**तापमान में बढ़ोतरी होगी**-रविवार को बारिश न होने के कारण तापमान बढ़कर 35.7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। अगले 2 दिन बारिश न होने के कारण यह तापमान और ज्यादा बढ़ सकता है। इस कारण लोगों को उमस की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। अभी शहर का तापमान लगभग 27.4 डिग्री सेल्सियस है।

**कई सड़कें अभी भी बंद**-जुलाई महीने में 8, 9 और 10 तारीख को हुई भारी बारिश के बाद चंडीगढ़ की करीब 115 सड़कों को नुकसान पहुंचा था। इनमें से प्रशासन ने ज्यादातर सड़कें ठीक करवा दी हैं, लेकिन कुछ सड़कें अभी भी बंद पड़ी हैं। इनमें मुख्य रूप से सेक्टर 14 और 15 के बीच की डिवाइडिंग रोड है। इसे ठीक करने का काम जारी है।

### घग्गर का पानी रोकने को किसान एकजुट

# पंजाब में घग्गर के टूटे तटबंधों के लिए ट्रालियों में मिट्टी लेकर पहुंच रहे हैं हरियाणा के किसान

**चंडीगढ़।** एसवाईएल के पानी के मुद्दे पर हरियाणा और पंजाब की सरकारों में मतभेद रहा है, लेकिन बाढ़ के पानी से बचाव के लिए दोनों राज्यों के किसान भाईचारे की मिसाल पेश कर रहे हैं। शनिवार को अम्बाला के गांव सुल्लर में घग्गर के तटबंधों को मजबूत करने के लिए पंजाब-हरियाणा के किसानों की संयुक्त बैठक हुई। इसमें बड़े-छोटे भाई जैसा नजारा देखने को मिला। बड़ा भाई यानी पंजाब के किसान घग्गर का तटबंध मजबूत करने की दिशा में फैसले ले रहे थे और छोटे भाई यानी हरियाणा के किसान उनका साथ देने की हामी भरते दिखे। वादे के मुताबिक रविवार को अम्बाला से सटे पंजाब के गांव दड़बा में टूटे घग्गर के तटबंध की मरम्मत को लेकर हरियाणा के किसानों ने मोर्चा भी संभाल लिया। अम्बाला के गांव



भुड़गपुर, चौड़मस्तपुर, इस्माइलपुर, गोबिंदगढ़, अहमां व सुल्लर गांवों के किसान करीब 25 ट्रालियों में मिट्टी के थैले भरकर दड़बा गांव में तटबंध पर पहुंचे। दड़बा गांव में पंजाब-हरियाणा की सीमा के बीच 4 एकड़ का बांध बह गया था। ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ घग्गर नदी पर पहुंचे भाकियू (शहीद भगत सिंह) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी ने बताया, दोनों तरफ के 60 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। हर गांव के घर-घर से मिट्टी का एक-एक थैला पहुंचाने का फैसला लिया गया है।

**बार-बार बरसात से बाधित हो रहा काम**

पंजाब की तरफ से काम कर रहे जसबीर सिंह बताते हैं कि घग्गर नदी किनारे तोड़कर बांध की तरफ बहने लगी थी, तभी ये बांध टूटा। बार-बार बरसात के आने से काम प्रभावित हो रहा है। शनिवार से दोबारा काम शुरू हो पाया है। हम 50 हजार कट्टे लगा चुके हैं। शनिवार को एसडीएम राजपुरा आई थीं और जिस खेत से मिट्टी उठा दे रहे हैं, उसे मुआवजा दे रहे हैं। ट्रैक्टर, जेसीबी, पोकलेन मशीनें सरकार की तरफ से हैं। दूसरी तरफ हरियाणा का सिंचाई विभाग काम कर रहा है।

**जसपाल : हरियाणा के लोग हमारे साथ खड़े हैं**

पंजाब के दड़बा गांव के पूर्व सरपंच जसपाल सिंह व नछत्र सिंह बताते हैं कि शनिवार को अम्बाला के सुल्लर में हुई बैठक में वे भी गए थे। गांव के लोगों ने निर्णय लिया है कि वे इस काम में उनके साथ खड़े होंगे। उनके गांव की करीब 600 एकड़ जमीन थी, जिसमें से 200 एकड़ में पूरी फसल बर्बाद हो गई। अकेले दड़बा गांव में ही 1 लाख से ज्यादा थैलों की जरूरत पड़ेगी। उन्होंने 50 हजार थैले मंगवाए हैं। रविवार को 10 हजार थैले पहुंचाए गए हैं।

# घर के मसाले कंट्रोल करें हाई ब्लड प्रेशर

- लाल मिर्च रक्त वाहिकाओं को खोल देती हैं जिससे रक्त के आनेजाने की समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है
- सुबह खाली पेट ताजे लहसुन की दो कलियां खाने से हाई बीपी में जल्द लाभ मिलता है
- अदरक आपके कोलेस्ट्रोल को कंट्रोल कर रक्तसंचार में सुधार करती है और उच्च रक्तचाप सामान्य बना रहता है
- इलायची खाने से ब्लड प्रेशर भी प्रभावी ढंग से कम होता है




***दुनिया*** में उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर व शुगर यानी मधुमेह एक माहमारी बनती जा रही है। हमारे भारत में ही 61 से 62 मिलियन व अमेरिका में 24 से 25 मिलियन लोग इन दोनों बीमारियों से जूझ रहे हैं। उच्च रक्तचाप एक आम समस्या बन चुका है। खराब दिनर्चया, काम का बोझ और बाजारू खाना खाने के चक्कर में यह समस्या और भी बढ़ती जा रही है।

**क्या होता है हाई ब्लड प्रेशर :** जब हार्ट की धमनियों में प्रेशर बढ़ जाता है तब ब्लड को ऑर्गन तक सप्लाई करने के लिए ज्यादा प्रेशर लगाना होता है, इसे ही हाई ब्लड प्रेशर कहते हैं।

**हाई ब्लड प्रेशर के लक्षण :** हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों में सिरदर्द, चक्कर आना और दिल की धड़कने बढ़ जाना आदि शामिल है।

**कैसे करें कंट्रोल :** हाई बीपी के रोगियों को अपने खाने में बहुत ही हल्का या फिर नाम मात्र का नमक डालना चाहिए। इसके अलावा डिब्बा बंद और पैकेट वाली चीजों को खरीदते वक्त उनके पैकेट पर नजर भी डालनी चाहिए कि उसमें कितना नमक है। हाई बीपी को दवा से तो कंट्रोल किया ही जा सकता है, साथ में अगर आप कुछ घरेलू मसालों को भी अपने खाने में शामिल कर लें तो आपके लिए फायदा होगा। इन मसालों से आपका रक्तचाप नीचे आ सकता है।

**मसाले जो दूर करें हाई ब्लड प्रेशर**

1. **लहसुन:** लहसुन एक एंटीबैक्टीरियल, एंटीऑक्सीडेंट, लिपिड को कम करने वाला और उच्च रक्तदाब रोधक गुणों से भरा है। सुबह खाली पेट लहसुन की दो कलियां खाने से जल्द लाभ मिलता है।
2. **अदरक:** अदरक में ताकतवर एंटीऑक्सीडेट्स होते हैं जो कि बुरे कोलेस्ट्रोल को नीचे लाने में काफी असरदार होते हैं। अदरक से आपके रक्तसंचार में भी सुधार होता है, धमनियों के आसपास की मांसपेशियों को भी आराम मिलता है जिससे कि उच्च रक्तचाप नीचे आ जाता है।
3. **मेथीदाना पॉवडर :** तीन ग्राम मेथीदाना पॉवडर सुबह-शाम पानी के साथ लें। इसे पंद्रह दिनों तक लेने से लाभ मिलेगा।
4. **सौंफ और जीरा :** सौंफ, जीरा, शक्कर तीनों बराबर मात्रा में लेकर पॉउडर बना लें। एक गिलास पानी में एक चम्मच मिश्रण घोलकर सुबह-शाम पीते रहें। शुगर के मरीज इसमें शक्कर बिलकुल न लें।
5. **इलायची :** इससे ब्लड प्रेशर भी प्रभावी ढंग से कम होता है। इससे एंटीऑक्सीडेंट की स्थिति में भी सुधार होता है जबकि इसके सेवन से फाइब्रिनोजेन के स्तर में बिना फेरबदल हुए रक्त के थक्के नहीं बन पाते।
6. **लाल मिर्च :** लाल मिर्च के सेवन से रक्त वाहिकाएं चौड़ी हो जाती हैं जिनसे रक्त आराम से पास हो जाता है और हाई बीपी की समस्या नहीं होती। अपने भोजन में रोजना लाल मिर्च का सेवन जरूर करें।

# इंडियन लुक के लिए मेकअप टिप्स

*जब कपड़ों में ईस्ट और वेस्ट का मिक्सचर हो तो मेकअप में भी ये फ्यूजन दिखना जरूरी हो जाता है। इंडियन लुक के लिए कैसा हो आपका मेकअप, इसके लिए ब्यूटी एक्सपर्ट व एल्प्स कॉस्मेटिक क्लीनिक की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर गुंजन गौड़ बती रही हैं कुछ खास टिप्स*

- अगर लहंगे या सूट के साथ खुद को पटियाला गर्ल वाला लुक देना चाहती हैं तो बालों में चोटी और चोटी के नीचे परांदा भी अच्छा ऑप्शन है। आजकल मार्केट में डिफरेंट तरीके के परांदे और स्वरोस्की जड़ित आर्टीफिशियल चोटियां उपलब्ध हैं जो आपके हेयर स्टाइल में ही नहीं बल्कि पूरे चेहरे पर चार-चांद लगाती हैं।
- ट्रेडिशनल लुक के संग स्मोकी आई-मेकअप काफी अच्छा लगता है। लेकिन चूंकि इन दिनों प्लेन स्मोकी लुक आउट ऑफ फैशन हैं, ऐसे में फैशन और लेटेस्ट मेकअप मंत्रा के अनुसार, आप अपनी ड्रेस से मैचिंग कलर को आंखों पर ऐड कर सकती हैं और उन्हें कलर स्मोकी लुक दे सकती हैं।



- चूंकि आई-मेकअप डार्क हैं, ऐसे में चेहरे पर मेकअप का बैलेंस बनाये रखने के लिए लिप्स पर लाइट शेड जैसे बेबी पिंक या लाइट पीच कलर की लिपस्टिक ही लगाएं या फिर आंखों को ब्लैक विंग्ड आईलाइनर से डिफाइन करें और होंठों पर रेड शेड लगाकर मेकअप को बोल्ड लुक भी दे सकती हैं।
- साड़ी और बन का कॉम्बिनेशन आपके ओवरऑल लुक को कंप्लीट करेगा। इन दिनों मेसी लुक इन हैं। ऐसे में, आप बालों में मेसी साइड लो बन बना सकती हैं। चेहरे पर नेचुरल लुक लाने के लिए जूड़े में से कुछ लटों को जरूर निकाल दें, ऐसा करने से चेहरे पर रीयल लुक नजर आएगा।
- मेसी बन के अलावा रोल्स बन भी ट्रेडिशनल आउटफिट पर काफी फबेंगे। इन बन को स्टाइलिश हेयर एक्सेसरीज से सजाना न भूलें, क्योंकि एक्सेसरीज से आपका लुक रॉयल नजर आता है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। शुभांक-5-6-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। बुद्धि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। आत्मचिंतन कर। पुराने मित्र से मिलन होगा। पुरुषार्थ का सहारा लें। यात्रा का योग बनेगा। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-5-7-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। स्वविवेक से कार्य कर। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-6-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। उन्नति के योग हैं। शुभांक-4-5-7

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें। शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। शुभांक-4-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर वाले मदद करेंगे। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। व्याधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम। व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

## काकुरो पहेली - 2902




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणत:**

16 → 1 2 3 4 6; 23 → 6 8 9

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

**काकुरो - 2901 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

एक पागलखाने में एक दर्शक का गाइड ने बताया-'यह जो पागल आपके सामने खड़ा है, इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसे उस लड़की ने ठुकरा दिया, जिसे वह प्यार करता था.'

'और वह!' दर्शक ने एक अन्य पागल की तरफ इशारा करते हुए पूछा.

'ओह !' गाइड बोला-'इसकी यह दशा इसलिए हुई कि इसने उसी लड़की से विवाह कर लिया.

□ □ □

पहला-'पत्नी हर जन्म में वही पति क्यों पाना चाहती है?'

दूसरा-ताकि उस पति को सुधारने का परिश्रम बेकार न चला जाए.

□ □ □

'दुर्लभ पुस्तक किसे कहते हैं ?'

'जिसे पढ़कर सगे संबंधी, मित्र और पड़ोसी सुरक्षित लौटा दें.'

□ □ □

बाजार से आते ही मालकिन नौकरानी पर बिगड़ गई-''कल से तू काम पर मत आना !''

''जी ! क्या बात हो गई ?''


''जब मैं बाजार गई थी तो तेरे हाथ में चार चूड़ियां थीं, अब दो ही रह गई हैं.''

''जी. वह काम करने में टूट गई !''

''वह तो ठीक है. मगर पलंग पर तू क्या काम करने गई थी?''

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 2902



**बायें से दायें:-**

१. कारगिल युद्ध पर बनी जे. पी. दत्ता की बहु-सितारा फिल्म-२,१,१
३. 'रूप सलोना तेरा' गीत वाली सनी, अक्षय, मनीषा की फिल्म-२,३
६. आमिर, माधुरी दीक्षित की 'खंभे जैसी खड़ी है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'अपना बनाना है' गीत वाली अनिल कपूर, शिल्पा, करिश्मा की फिल्म-२
८. कुमार गौरव, माधुरी की 'पहली बारिश मैं और' गीत वाली फिल्म-२
९. 'रिमझिम के गीत' गीत वाली राजेद्र कुमार, बबीता की फिल्म-४
१२. 'छोटा कद और पेट बड़ा' गीत वाली संजयदत्त, नम्रता की फिल्म-३
१३. अजय देवगन, मधु, सोनाली की 'किसी के इश्क' गीत वाली फिल्म-४
१५. फिल्म 'साया' में जॉन अब्राहम की नायिका कौन थी-२
१८. अक्षय कुमार, माधुरी की 'अब तेरे दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'सात सुरों के तार' गीत वाली जैकी, माधुरी दीक्षित की फिल्म-३
२१. फरदीन, करीना की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'डैडी कूल कूल' गीत वाली शाहरूख खान, पूजा भट्ट की फिल्म-३
२३. राजीव कपूर, डिम्पल की 'कोई भी नाम दो' गीत वाली फिल्म-२
२४. अभिनेत्री पूजा भट्ट के पिता-३
२६. दिलीपकुमार, वहीदा रहमान की 'कल के सपने' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'तुझे ना देखूँ तो' गीत वाली जीतेंद्र, कमल सदाना, दिव्या की फिल्म-२
३०. सुमीत सहगल, शिखा की 'पीछे पीछे आजा' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'दिल लगाने की' गीत वाली अक्षय, अमिताभ, राखी, जूही की फिल्म-२,२
२. अतीन भल्ला, संदली की एक फिल्म-२
३. 'पहला पहला प्यार' गीत वाली फिल्म-२
४. संजयदत्त, काजोल की 'आवाज दो हमको' गीत वाली फिल्म-३
५. 'मैं तेरी दुश्मन' गीत वाली फिल्म-३
६. अजय देवगन, रवीना की 'कितना हसीन चेहरा' गीत वाली फिल्म-४
९. राजेश खन्ना, शबाना आजमी की फिल्म-४
१०. जैकी श्रॉफ, रति की 'जितना कभी किसी ने' गीत वाली फिल्म-२
११. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली मनोज वाजपेयी, रवीना की फिल्म-२
१३. सनी, बॉबी, उर्मीला की 'कोई नहीं है' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'तुम आए तो आया' गीत वाली अजय देवगन, पूजा भट्ट की फिल्म-२
१६.'कहाँ से आई रानी' गीतवाली फिल्म-२,२
१७. 'मैं जब बोलूँ हाँ' गीत वाली जीतेंद्र, नीतूसिंह की फिल्म-४
१८. अशोककुमार, सुमिता की 'रेलगाड़ी रेलगाड़ी' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'दोस्त दोस्त ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
२०. अक्षय, करिश्मा की 'दिल ले गया' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'रजिया सुल्तन' में रजिया सुल्तन की शीर्षक भूमिका किसने की हैं-२
२६. 'तेरा क्या लगता है' गीत वाली फिल्म-२
२७. फिल्म 'काजल' की नायिका कौन थी-३
२८. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली - 2901**



## सूडोकु -2902

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -2901 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## शब्द पहेली - 2902




**बाएँ से दाएँ**

1.पक्षियों का शोर-4
3.मुठभेड़,भिड़ंत-4
5.क्रोधित होवा-5
8.लाश,पार्थिव देह-2
10.नवीन-2
11.सरिता-2
12.संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13.दोजख,नर्क-3
15.नमकीन लवण-3
17.बेकार-3
18.आंचल-3
20.फायदा,लाभ-2
21.चिट्ठी,पत्र-2
22.जी,चित-2
24.संपूर्ण-2
26.कुचलना,दबाना-3
28.दाड़म,एक फल-3
30.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32.खिचड़ी,पुलाव-3
34.मां,आई-2
35.भाग्य (अंग्रेजी-2)
36.सौतन-2
38.लीन-2
39.चमकीला-5
40.नसीब,किस्मत-4
41.चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**

1.दलाली-4
2.स्वदेश,जन्मभूमि-3
3.दौंडी पीटना-3
4.बेमिसाल-4
6.इसमें तलवार रखते हैं-3
7.मापदंड,आदर्श-3
9.इच्छित वस्तु-4
12.जीरक,कणिका-2
14.थोड़ा,जरा-2
16.आनंद-2
17.क्रोधित,रुष्ट-2
19.अदा-3
20.पति की बहन-3
23.मन को हरने वाला-4
24.निष्कर्ष-2
25.उम्मीद-2
27.वोट,अभिमत-2
28.धरोहर,थाती-4
29.रिश्ता-2
30.नकद राशि,रोकड़-3
31.संधिपत्र,मसविदा-3
33.रीति अनुसार-4
35.अदृढ,तर्कहीन-3
37.द्रव पदार्थ-3

**शब्द पहेली -290117 का हल**



**बॉलीवुड हमेशा से अपनी ग्लैमरस और चमक-दमक वाली फिल्मों की दुनिया के लिए जाना जाता है. जबकि कुछ स्टार्स अपने असली नाम के साथ स्टारडम तक पहुंचे हैं, जबकि कुछ स्टार्स ने अपना नाम बदल लिया. चलिए आपको बताते है ऐसे सेलेब्स के बारे में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया.**

# बॉलीवुड के इन 9 स्टार्स ने फैंस से छुपाए अपने असली नाम



सलमान खान बॉलीवुड के भाई हैं. सलमान का नाम उनके पूरे नाम अब्दुल रशीद सलीम सलमान खान है. पिछली बार एक्टर फिल्म किसी का भाई किसी की जान में नजर आए थे और उनकी अपकमिंग मूवी टाइगर 3 है.



टाइगर श्रॉफ का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है. यह उनका निकनेम है, जिसे उनके पिता उन्हें प्यार से बुलाते हैं, जो उनके स्क्रीन नाम में बदल गया.



प्रीति जिंटा का असली नाम प्रीतम सिंह जिंटा था, लेकिन उन्होंने अपना नाम प्रीति जिंटा कर लिया था. बता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस अपने बच्चों और पति के साथ लाइफ एंजॉय कर रही है.



कैटरीना कैफ का असली नाम कैटरीना टर्कोटे है, लेकिन उन्होंने इस बदलकर कैटरीना कैफ कर लिया था. भारत आने से पहले उन्होंने अपना उपनाम बदलकर कैफ रख लिया, जो उनके पिता का उपनाम है. बता दें कि उनकी अपकमिंग फिल्म टाइगर 3 है.



बॉलीवुड के खिलाड़ी अक्षय कुमार का असली नाम राजीव हरिओम भाटिया है. अक्षय बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले अभिनेताओं में से एक हैं. उनकी आने वाली फिल्म का नाम ओएमजी 2 है, जो 11 अगस्त को रिलीज होने वाली है.




बी-टाउन की बेबी डॉल सनी लियोनी का असली नाम करनजीत कौर वोहरा है. दुनिया भर में उनके लाखों प्रशंसक हैं. एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती है.



एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी का असली नाम अश्विनी शेट्टी है, लेकिन उन्होंने अपना नाम बदल लिया. एक्ट्रेस फिल्मों से दूर है लेकिन वो रियलिटी शोज में नजर आती है. वो सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती है.



साउथ स्टार रजनीकांत के चाहने वाले काफी है, लेकिन क्या आप उनका असली नाम जानते है. वास्तव में उनका नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था, लेकिन उन्होंने बदलकर रजनीकांत रख लिया.



बाहुबली फेम साउथ सुपरस्टार प्रभास का असली नाम उप्पलापति वेंकटा सूर्यानारायण प्रभास राजू है .एक्टर को फैंस प्रभास के नाम से ही जानते है. पिछले दिनों वो अपनी फिल्म आदिपुरुष को लेकर चर्चा में थे.

# कमांडो 4 में अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी

## अदा शर्मा



अभिनेत्री अदा शर्मा आगामी फिल्म कमांडो 4 में एक बार फिर से भावना रेड्डी की भूमिका निभाएंगी। अदा शर्मा का कहना है कि वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी। विद्युत जामवाल के साथ कमांडो 2 और 3 में नजर आ चुकीं अदा ने कहा, हमने द केरल स्टोरी की रिलीज से पहले कमांडो की शूटिंग की थी। अदा ने कहा, मैं इस आधार पर प्रोजेक्ट नहीं चुनती कि यह किसी नए, अनुभवी अभिनेता या किसी लोकप्रिय व्यक्ति के साथ है। मैं जब भी किसी प्रोजेक्ट को चुनती हूं तो यह कभी भी निर्णायक कारक नहीं रहा है। मैं 'कमांडो 4' के ओटीटी वर्जन और फिल्म में भावना रेड्डी की भूमिका निभाऊंगी। वह ओटीटी और फिल्म के बीच आम कड़ी होंगी। अभिनेत्री ने कहा, मेरी पहली फिल्म 1920 थी और द केरला स्टोरी मेरी पिछली रिलीज थी। मुझ पर वास्तव में अद्भुत भूमिकाएं निभाने का भरोसा किया गया था और मैं इसके लिए धन्य महसूस करती हूं। मुझे उम्मीद है कि सभी प्रतिभाशाली अभिनेताओं को अच्छी भूमिकाएं मिलेंगी ताकि वे दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर सकें। फिल्म में अदा अनोखे स्टंट और एक्शन करती नजर आएंगी। फिल्म के एक्शन निर्देशक एंडी लॉन्ग हैं जो अभिनेता और मार्शल आर्ट लीजेंड जैकी चैन के लिए कोरियोग्राफी करते हैं। अदा अगली बार एक अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट में एक महिला सुपरहीरो की भूमिका निभाती नजर आएंगी। जब उस समय सुपरहीरो फिल्म की घोषणा की गई थी तो अदा ने कहा था, मैंने हमेशा महिला सुपरहीरो को बहुत अच्छा पाया है और मैं बस इतना कह सकती हूं कि हां, मैं अब एक भूमिका निभा रही हूं और मैं जल्द ही इसके बारे में और अधिक चीजें साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती।

# साउथ के सुपरस्टार प्रभास का फेसबुक पेज हुआ हैक



साउथ के सुपरस्टार प्रभास का फेसफुब एकाउंट किसी ने हैक कर लिया है। एक्टक की देश-विदेश में तगड़ी फैन फॉलोइंग है। एक्टर सोशल मीडिया पर ज्यादा कुछ नहीं बस अपनी प्रोफेशनल लाइफ की अपटेड शेयर करते हैं। प्रभास अपनी पर्सनल लाइफ को सोशल मीडिया से दूर रखते हैं। इन सबके बीच बड़ी खबर सामने आ रही है कि प्रभास का फेसबुक पेज हैक हो गया है। एक्टर ने खुद इस जानकारी को कंफर्म किया है। हैकर्स ने बीते गुरूवार 27 जुलाई को एक्टर का ऑफिशियल फेसबुक पेज हैक कर लिया था। पेज पैक करने के बाद हैकर्स ने प्रभास के अकाउंट से दो वायरल वीडियो अनलकी ह्यूमन और बॉल फेल्स अराउंड द वर्ल्ड टाइटल के साथ शेयर किए थे। यह सब देखने के बाद एक्टर ने ने अनाउंस किया की उनका फेसबुक अकाउंट हैक हो गया है। प्रभास ने यह जानकारी अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर की है। एक्टर ने पोस्ट करते हुए लिखा- 'सभी को नमस्कार, मेरा फेसबुक पेज हैक हो गया है। टीम इसका निराकरण कर रही है।



# डबल आईस्मार्ट से जुड़े संजय दत्त

राम पोथिनेनी की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल आईस्मार्ट की शूटिंग हाल ही में मुंबई में शुरू हुई। यह फिल्म सुपरहिट आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी है, जिसमें राम के साथ प्रसिद्ध निर्देशक पुरी जगन्नाध और चार्ममे कौर द्वारा निर्मित है। फिल्म को लेकर उत्साह तब और बढ़ गया जब टीम ने आज एक बड़ा अपडेट जारी किया। बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त डबल आईस्मार्ट के कलाकारों में शामिल हो गए हैं और फिल्म में एक पूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। 29 जुलाई को, निर्माताओं ने उनके चरित्र का नाम, बिग बुल, और फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया। यश की केजीएफ 2 के साथ अपने सफल अभिनय के बाद, संजय दत्त 2019 की सुपरहिट, आईस्मार्ट शंकर की अगली कड़ी डबल आईस्मार्ट में राम पोथिनेनी के साथ दिखाई देंगे। फिल्म में उनके किरदार को बिग बुल के नाम से जाना जाएगा। शनिवार को उन्हें एक मनमोहक फर्स्ट-लुक पोस्टर के जरिए दर्शकों से परिचित कराया गया। उसी में, संजय ने अपना अल्ट्रा-स्टाइलिश अंदाज दिखाकर महफिल लूट ली। फंकी हेयरडू और दाढ़ी के साथ, वह झुमके, अंगूठियां, एक उत्कृष्ट घड़ी और एक आकर्षक चेहरे और उंगली टैटू से सजे एक तेज सूट में बिल्कुल डैशिंग लग रहा है।

# राणा दग्गुबाती व दुलकर सलमान ने कांथा के लिए मिलाया हाथ



एक्टर राणा दग्गुबाती और दुलकर सलमान आगामी बहुभाषी फिल्म कांथा में साथ काम करते नजर आएंगे। स्पिरिट मीडिया के फाउंडर राणा ने दुलकर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देते हुए कहा, स्पिरिट मीडिया में, हम हमेशा अनूठी और आकर्षक कहानियों की तलाश में रहते हैं, और कांथा निस्संदेह उस दृष्टिकोण पर फिट बैठती है। दुलकर और वेफरर फिल्म्स के साथ काम करना और एक शानदार निर्देशक सेल्वमणि सेल्वराज से अनुभव प्राप्त करना वास्तव में फायदेमंद है और मेरे दोस्त दुलकर के लिए यह उनके लाखों प्रशंसकों के साथ उनका जन्मदिन मनाने के लिए टीम की ओर से एक शानदार उपहार है। कांथा में दुलकर को पहले कभी नहीं देखी गई भूमिका में दिखाया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना का निर्देशन सेल्वमणि सेल्वराज द्वारा किया जाएगा, जिनकी आगामी परियोजना द हंट फॉर वीरप्पन नामक एक अंतरराष्ट्रीय डॉक्यू-ड्रामा सीरीज 4 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए तैयार है। उन्होंने लाइफ ऑफ पाई में ऑस्कर विजेता निर्देशक एंग ली को भी असिस्ट किया था।

# यामी गौतम की धूम धाम को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर बेचे जाने पर मिली शानदार कीमत!

यामी गौतम और प्रतीक गांधी की फिल्म धूम धाम के निर्माता लंबे समय तक असमंजस में थे कि क्या वे फिल्म को थियेटरों में रिलीज करें या ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर। कई चर्चाओं के बाद, फिल्म को एक उच्च मूल्य पर एक ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म को बेच दिया गया है जिससे इसे सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जा सकेगा।

ऐसे में इंडस्ट्री में मौजूद स्रोत के अनुसार, फिल्म के निर्माता (आदित्य धर, लोकेश धर, ज्योति देशपांडे) फिल्म को लेकर बेहद कॉन्फिडेंट हैं और उन्हें पता है फिल्म एक विनर बनकर निकलेगी, क्योंकि निर्माताओं ने कई सारे फोकस ग्रुप / ट्रायल स्क्रीनिंग का आयोजन किया है। इन सभी स्क्रीनिंग्स से एकमत सहमति मिली है, जिनमें अलग-अलग तरह के लोग शामिल हुए थे, और उनकी प्रतिक्रिया बेहद शानदार रही है। इस बार बहुत लंबे समय के बाद, दर्शकों के लिए एक बढ़िया, मजेदार फिल्म रिलीज होगी। यह एक परिवार-मनोरंजक, नए युग की कैपर कॉमेडी होगी, जो ऑडियंस के लिए एक ताजगी की हवा जैसी होने वाली है। आज के समय में जब ऑनलाइन पर इतने गहरे, इंटेंस कंटेंट है, ऐसे में यह फिल्म बेहद रिफ्रेशिंग अनुभव देने वाली है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई यामी गौतम स्टारर पिछली फिल्मों की तुलना में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकी है। इसका कारण पूरी तरह से यह है कि धूम धाम एक बहुत अच्छी फिल्म है और यामी के बढ़ते, डेडिकेटेड, लॉयल ऑडियंस हैं। यहाँ आज कल ओटीटी प्लेटफॉर्म भी फिल्मों को सीधे ओटीटी पर लेने से कतराते हैं, जबकि उनकी मेकर्स से शर्त होती है कि फिल्म को पहले थिएटर में रिलीज करें और फिर कुछ हफ्तों के बाद डिजिटल पर रिलीज करें। इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं, क्योंकि यामी गौतम ने अभिनय में अपनी विश्वसनीयता साबित की है। हाल के दिनों में उन्होंने बेहद शानदार स्क्रिप्ट्स चुनी हैं, जैसे ए थर्सडे, दसवीं, लॉस्ट, और चोर निकलके भागा। वहीं, दूसरी तरफ प्रतीक गांधी भी स्कैम 1992 से प्रसिद्ध हुए हैं और उनकी अभिनय की प्रशंसा की जाती है। धूम धाम एक निर्माता के रूप में यामी गौतम का अपने पति आदित्य धर के साथ पहला सहयोग है। यह बाला के बाद कॉमेडी स्पेस में यामी गौतम की वापसी को भी चिह्नित करेगा, धूम धाम में यामी का शानदार प्रदर्शन है, जो सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।





# पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे सोनू सूद

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद के दरियादिल अंदाज से कौन नहीं वाकिफ। सब जानते हैं कि सोनू किसी को भी पीड़ित या दुखभरे हालत में नहीं देख पाते और तुरंत मदद के लिए हाज़िर हो जाते हैं। अब इन दिनों जब भारी बारिश के कारण बाढ़ से पंजाब राज्य के हाल बेहाल हो गए हैं तो ऐसे में सोनू सूद ने पीड़ितो के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। एक ट्वीट के जरिए एक्टर ने अपने राज्य के लिए बुरे हालातों पर चिंता जाहिर की है। सोनू सूद ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक पोस्ट डाली और लिखा- मेरे प्यारे पंजाब, मेरा दिल तुम्हारे लिए दुखता है। चूंकि बाढ़ ने उस भूमि पर कहर बरपाया है, जिसने मुझे बड़ा किया है, ऐसे में मैं बेकार खड़ा रहना बर्दाश्त नहीं कर सकता। पंजाब ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब वापस लौटने का समय आ गया है। सोनू सूद ने लिखा, साथ मिलकर इस तूफान का सामना करेंगे, पुनर्निर्माण करेंगे और जरूरतमंद साथी पंजाबियों के लिए मजबूत होकर उभरेंगे। अपने ट्वीट में एक्टर ने सूद चैरिटी फाउंडेशन का एक नंबर 78886-75107 भी जारी किया है और लिखा है कि कोई जरूरतमंद इस नंबर पर हमें एसएमएस के माध्यम से संदेश भेजे। मदद उस तक पहुंचेगी। सोनू सूद का ये ट्वीट अब खूब वायरल हो रहा है और लोग उनके इस मददगार अंदाज की खूब सराहना कर रहे हैं।

# सलमान ने किया खुलासा...



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान, जो वर्तमान में रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 2 को होस्ट कर रहे हैं, ने खुलासा किया है कि वह कई बार शो छोड़ने की धमकी देने के बाद भी वापस क्यों आ जाते हैं। सलमान का अपने फैंस के प्रति सच्चा प्यार और सराहना ही उन्हें हर बार वापसी के लिए मजबूर करती है। सलमान ने कहा, मेरे फैंस मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि और गौरव हैं! मैं जो कुछ भी हूं उनकी वजह से हूं। हां, मैं शो में अपना आपा खो देता हूं और कभी-कभी बाहर भी चला जाता हूं लेकिन मैं हमेशा केवल और केवल अपने फैंस के लिए वापस आता हूं, जो बड़ी ही बेसब्री के साथ मेरे वीकेंड का वार का इंतजार करते हैं। बिग बॉस एक भारतीय रियलिटी शो फ्रेंचाइजी है जो डच रियलिटी शो बिग ब्रदर पर बेस्ड है। बिग बॉस मूल रूप से हिंदी भाषा में शुरू किया गया था, और तब से इसे कन्नड़, बंगाली, तमिल, तेलुगु, मराठी और मलयालम सहित भारतीय उपमहाद्वीप में बोली जाने वाली सात भाषाओं में विस्तारित किया गया है। सलमान 2010 में इसके सीजन 4 के साथ एक होस्ट के रूप में शो में शामिल हुए थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011